तापमान

अधिकतम 32.2 डिग्री

न्यूनतम 18.6 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, रविवार 22 फरवरी 2026



राजेन्द्र चौक स्थित नीरप्रवाह फिर से सूख गया है।



**खबर संक्षेप**

## सुलभ इंटरनेशनल को कमिश्नर का नोटिस



**बिलासपुर।** सार्वजनिक और सामुदायिक शौचालयों में गंदगी मिलने पर निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने संचालन कंपनी सुलभ इंटरनेशनल को नोटिस थमाया है। शौचालयों में व्यवस्थित साफ-सफाई नहीं होने पर निगम कमिश्नर ने नाराजगी जताते हुए नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। निगम कमिश्नर श्री सर्वे ने आज पुराना बस स्टैंड और व्यापार विहार स्थित सामुदायिक शौचालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान शौचालय परिसर में सही तरीके से साफ-सफाई का अभाव नजर आया। निगम कमिश्नर श्री सर्वे ने स्वास्थ्य विभाग की टीम और सुलभ इंटरनेशनल को शहर के सभी शौचालयों में सफाई व्यवस्था दुरूस्त रखने के निर्देश दिए है। इसके अलावा जोन क्रमांक 8 के वार्ड क्रमांक 66 कार्यालय का भी निरीक्षण किया। इस दौरान राजस्व वसूली का समीक्षा किए। समीक्षा के दौरान निगम कमिश्नर ने वित्तीय वर्ष के समाप्ति तक शत प्रतिशत वसूली सुनिश्चित करने कहा है।

## बाल विवाह रोकने लिया प्रशिक्षण



**बिलासपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से लॉ स्टूडेंट्स, एमएसडब्ल्यू स्टूडेंट्स एवं युवोदय वॉलंटियर्स के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन जल संसाधन विभाग के प्रार्थना सभा भवन में किया गया। यह कार्यशाला विशेष रूप से लॉ स्टूडेंट्स, एमएसडब्ल्यू स्टूडेंट्स एवं युवोदय वॉलंटियर्स के लिए आयोजित की गई थी। जिले के विभिन्न विकासखंडों से प्रतिभागियों को आमंत्रित किया गया था और प्रशिक्षण का मुख्य फोकस इन्हीं पर केंद्रित रहा। कार्यक्रम "बाल विवाह मुक्त अभियान" के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसमें युवाओं की भूमिका को विशेष रूप से रेखांकित किया गया। प्रशिक्षण मुख्य रूप से लॉ स्टूडेंट्स, एमएसडब्ल्यू स्टूडेंट्स एवं युवोदय वॉलंटियर्स को प्रदान किया गया। ताकि वे अपने-अपने क्षेत्रों में बाल विवाह की रोकथाम, बाल संरक्षण मामलों की पहचान तथा आवश्यक कानूनी एवं प्रशासनिक प्रक्रिया को प्रभावी ढंग से समझकर जागरूकता एवं सहयोग की भूमिका निभा सकें। इस अवसर पर शशांक शर्मा एवं एनी रोज टोडर ने प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया।

## खाद्य पदार्थ में मिलावट रोकने सौंपा ज्ञापन



**बिलासपुर।** होली पर अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने खाद्य पदार्थ में मिलावट रोकने एवं प्राकृतिक रंगों का उपयोग एवं बिक्री को बढ़ावा देने तथा केमिकल युक्त रंग गुलाल को प्रतिबंधित करने की मांग को लेकर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है। इसके अलावा बिलासपुर में चलित परीक्षण लैब की व्यवस्था करने के लिए निवेदन किया गया। ताकि समय पर नमूना की जांच कर त्वरित कार्रवाई की जा सके। दूध में मिलावट रोकने दूध के पैकेटों की नियमित जांच मिलावट या अमानक पाए जाने पर उचित एवं त्वरित कार्यवाही की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में निर्मल कुमार घोष, जिला सचिव प्रदीप शर्मा और महिला अध्यक्ष शेफाली घोष शामिल हैं।

# केन्द्र से नहीं मिले पांच करोड़, डीपीआर और ड्राइंग डिजाइन बनने के बाद कोनी में बनने वाला यूथ हब का प्रोजेक्ट ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्मार्ट सिटी बिलासपुर द्वारा कोनी में सेंट्रल यूनिवर्सिटी के सामने लगभग पौने 3 एकड़ की जमीन पर बनाए जाने वाले यूथ हब के बड़े प्रोजेक्ट का काम ठंडे बस्ते में चला गया है। इसके लिए प्रारंभिक तौर पर 5 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई थी लेकिन इसके बाद भी केन्द्र से राशि नहीं मिलने के कारण मामला अटक गया है। फिलहाल इसकी चर्चा तक नहीं हो रही है और कहा जा रहा है कि राशि आने के बाद ही इस पर आगे काम हो सकेगा।

ध्यान रहे कि इस प्रोजेक्ट के तहत 2 क्रिकेट पिच (टर्फ पिच) नेट के साथ बनाया जाना थो वेंडिंग जोन, चौपाटी भी बनने थी। इसके साथ ही 34 हजार वर्ग फीट में ओपन पार्किंग के साथ स्थानीय सब्जी व्यापारियों के साथ ही सभी के लिए बड़ा सब्जी बाजार भी बनना था। स्मार्ट सिटी द्वारा बनाई गई योजना के मुताबिक इस पूरे प्रोजेक्ट में लैंड स्कैपिंग और पाथ वे की भी योजना बनी थी। इनके बीच 37 हजार वर्गफीट का मेमोरियल स्टेच्यू बनना था।

स्मार्ट सिटी ने जो योजना बनाई थी उसके मुताबिक एक बड़ी चौपाटी बनाई जानी थी जिसमें लगभग 25 कियोस्क बनाए जाने थे। अधिकारियों के मुताबिक यह यूथ हब इसलिए बनाया जा रहा था जिससे की शहर के युवाओं को एक जगह पर सभी चीजें मिल सके। इसका प्रारंभिक ड्राइंग डिजाइन भी फाइनल कर लिया गया है लेकिन अब सब ठंडे बस्ते में है। अधिकारियों का प्रोजेक्ट लांच करते समय मानना था कि कोनी एक तरह से शहर का एजुकेशन हब है, जहां रोजाना हजारो की संख्या में युवाओं की मौजूदगी रहती है और स्मार्ट सिटी द्वारा बनाया जा रहा यूथ हब युवाओं के लिए ही समर्पित रहेगा।

हरिभूमि एक्सक्लूसिव





- पौने 3 एकड़ की जमीन पर बनाया जाना है, केन्द्र से राशि नहीं मिलने के कारण मामला ठंडे बस्ते में
- 34 हजार वर्गफीट में ओपन पार्किंग, सब्जी बाजार के साथ 2 क्रिकेट पिच, वेंडिंग जोन और चौपाटी बननी है

### 20 हजार वर्गफीट में बनेगा सब्जी बाजार

ध्यान रहे कि कोनी के उस मैदान में सप्ताहिक सब्जी बाजार लगता है, इस बात को ध्यान में रखते हुए सब्जी सब्जी व्यापारियों के लिए सुव्यवस्थित सब्जी मार्केट तैयार बनाने की योजना थी ताकि व्यापारियों और नागरिकों की जरूरतें पूरी हों। अधिकारियों के मुताबिक इस सब्जी मार्केट में फ्लोरिंग एवं पेवर ब्लाक लगाकर व्यवस्थित मार्किट 20 हजार वर्गफीट में तैयार किया जाएगा। गौरतलब है कि केपीएस स्कूल के बगल में सेंट्रल यूनिवर्सिटी परिसर में हर सप्ताह साप्ताहिक बाजार सालों से लगाया जा रहा है। एक व्यवस्थित मार्केट की मांग काफी समय से की जा रही थी।

### फिलहाल लेकिन योजना पर काम नहीं हो रहा

स्मार्ट सिटी के मुताबिक सुबह से रात तक युवाओं की भीड़ इस क्षेत्र में रहती है, उन्हें बेस्ट डेस्टिनेशन प्वाइंट मिलेगा और खेलने, घूमने से लेकर खाने पीने का सामान एक जगह एक साथ मिलेगा। गौरतलब है कि मैदान के ठीक सामने कन्वेंशन सेंटर है, जो अपने आप में स्वयं एक रचनात्मक गतिविधि का केंद्र रहेगा, उसके पीछे यहां युवाओं की भागीदार बड़ी संख्या में रहेगी। उसके ठीक पीछे आकर्षक लैंड स्कैपिंग, गोल पाथवे, 2 टर्फ क्रिकेट पिच चौपाटी, युवाओं समेत आम नागरिकों के लिए मनोरंजन एवं क्वालिटी टाइम बिताने का उपयोगी और सर्वोत्तम स्थान मिलेगा। फिलहाल लेकिन योजना पर काम नहीं हो रहा है।

### नेट टर्फ क्रिकेट की योजना भी ठप पड़ी

इस प्रोजेक्ट तहत नेट टर्फ क्रिकेट भी बनाया जाना था जिसमें एक साथ तीन पिच रहेंगे। यहां खेल के साथ युवाओं को रोजगार भी मिलने की बात थी। साथ ही कैंटिन के साथ ही छोटे रेस्टोरेंट के लिए जगह बनाई गई थी। ज्ञात हो कि टर्फ क्रिकेट में कृत्रिम घास (आर्टिफिशियल टर्फ) वाली पिचों पर क्रिकेट खेलने का अभ्यास किया जाता है, जो आमतौर पर इनडोर या आउटडोर में लगे नेट वाले पिंजरे में होती है। इन नेट-पिंजरे का उद्देश्य गेंद को बाउंड्री से टकराकर बाहर जाने से रोकना होता है, जिससे अभ्यास के दौरान गेंद खोने का डर नहीं रहता है और खिलाड़ी बिना किसी व्यवधान के अभ्यास कर सकते हैं। खिलाड़ी नेट के अंदर और टर्फ पर अभ्यास करते हैं।

### डीपीआर बना लिया गया

स्मार्ट सिटी द्वारा कोनी में सेंट्रल यूनिवर्सिटी के सामने लगभग पौने 3 एकड़ की जमीन पर यूथ हब के बड़ा प्रोजेक्ट बनाया गया है। इसके लिए प्रारंभिक तौर पर 5 करोड़ की राशि स्वीकृत भी हो गई है, लेकिन फिलहाल काम आगे नहीं बढ़ा है। प्रोजेक्ट का डीपीआर और ड्राइंड डिजाइन बना लिया गया है।

- **एसपी साहू**, जीएम, स्मार्ट सिटी



## सड़क किनारे लगा लाखों का लोहा पार





**बिलासपुर।** सकरी फ्लाईओवर से लेकर कानन पेंडारी और उससे आगे लाखों रुपए खर्च कर सड़क किनारे लगाए गए लोहे के डिवाइडर चोरों की भेंट चढ़ चुके हैं। सड़क निर्माण के समय हादसों की रोकथाम के लिए ये डिवाइडर लगाए गए थे। सड़क बनने के बाद से ही यहां चोर सक्रिय हो गए। चोरों ने धीरे धीरे लोहा काटकर गायब करना शुरू किया, अब हालत यह है कि कोटा मोड़ के आगे कानन पेंडारी तक पूरे डिवाइडर गायब हो चुके हैं।

जूना बिलासपुर में चल रहा नाली निर्माण एवं डिवाइडर का काम

# नेहरू चौक-दर्रीघाट रोड, कंपनी गार्डन के सामने तोड़ा डिवाडर



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नेहरू चौक से दर्रीघाट के बीच 32 करोड़ रूपए की लागत से किए जा रहे सड़क निर्माण के कार्य में अब तेजी नजर आ रही है। सड़क निर्माण के अंतर्गत जूना बिलासपुर में नाली एवं रोड डिवाइडर का निर्माण तो चल रहा है, वहीं शनिवार को कंपनी गार्डन के सामने लगाए गए पुराने डिवाइडर को भी तोड़ा गया है, ताकि अब यहां सड़क निर्माण के दौरान नया डिवाइडर लगाया जा सके।

नेहरू चौक से शुरू होकर शहर के बीच से होकर गुजरते हुए गांधी चौक व आगे दर्रीघाट तक जाने वाली सड़क शहर की एक अहम सड़क है। वैसे तो इसका निर्माण विगत एक महीने से प्रारंभ है, लेकिन निर्माण में तेजी अब नजर आ रही है। जूना बिलासपुर मार्ग में टुकड़ों में नाली का निर्माण काफी पहले से किया जा रहा है। इसी तरह शनिवार को कंपनी गार्डन के सामने लगाए गए पुराने डिवाइडर को तोड़ने की कार्रवाई की गई है। पुराना डिवाइडर उखाड़ने के बाद अब यहां सड़क निर्माण के दौरान नए डिवाइडर लगाए जाएंगे, ताकि आवागमन करने वालों को सुरक्षित रखते हुए शहर को भी खूबसूरत बनाया जा सके।

# डीजीपी ने 24 घंटों के अंदर लुटेरों के पकड़े जाने व अंतर्राज्यीय समन्वय की प्रशंसा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डीजीपी अरूणदेव गौतम ने आईजी कार्यालय में जिले के पुलिस अधिकारियों की बैठक लेकर राजकिशोरनगर लूटकांड में 24 घंटे के अंदर लुटेरों के पकड़े जाने व अंतर्राज्यीय समन्वय की प्रशंसा की, साथ ही हिदायत दी कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

- डीजीपी श्री गौतम ने जिला के पुलिस अधिकारियों की ली बैठक

बैठक में डीजीपी श्री गौतम ने कहा पुलिस अधिकारियों का सामान्य परिचय लेने के बाद राजकिशोरनगर लूटकांड जैसी घटनाएं न हो इसके लिए पुलिस कार्यप्रणाली, गश्त - पेट्रोलिंग, संदिग्धों की चेकिंग, होटल लॉज चेकिंग और सूचना तंत्र की मजबूती पर विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही सराफा, बैंक जैसी जगहों की रेगुलर चेकिंग की जाए, सीसीटीवी और अन्य सुरक्षा उपायों की चेकिंग पर भी ध्यान दिया जाए। उन्होंने राजपत्रित अधिकारियों को थाने का पर्यवेक्षण समुचित तरीके से व पर्याप्त गुणवत्ता के साथ किए जाने की भी हिदायत दी। थाने आने वाले फरियादियों की बात समुचित तरीके से सुनी जाए, इसके लिए थाना प्रभारी और राजपत्रित अधिकारी थानों को संवेदनशील बनाएं। उनके द्वारा नाकाबंदी की व्यवस्था सुधारने और थाने में थाना प्रभारियों के द्वारा स्वयं रिपोर्ट सुनने और एफआईआर लिखे जाने के लिए भी पर्याप्त पर्यवेक्षण के लिए सभी राजपत्रित अधिकारियों को कहा। संदिग्ध मर्ग प्रकरणों की जांच सूक्ष्मता और गंभीरता से करने के लिए भी हिदायत दी।



अभियोजन संचालक श्री माखनलाल पाण्डेय को विवेचना की गुणवत्ता और आईसीजेएस सिस्टम के तहत ई चालान और ई साक्ष्य की प्रक्रिया, न्यायालय और थानों के समन्वय से शीघ्र ही अमल में आ सके, ऐसी व्यवस्था तैयार करने पर जोर दिया गया। इस दौरान आईजी रामगोपाल गर्ग, नगर सेना के उप पुलिस महानिरीक्षक लक्ष्मी चंद्रा वर्मा, संयुक्त संचालक अभियोजन माखनलाल पाण्डेय, संभागीय सेनानी नगरसेना नरसिंह नेताम, एडीशनल एसपी ग्रामीण मधुलिका सिंह, एडीशनल एसपी शहर पंकज कुमार पटेल, एडीशनल एसपी विशेष शाखा दीपमाला कश्यप, जिला सेनानी एवं अग्निशमन अधिकारी दीपांकर नाथ, उप पुलिस अधीक्षक फिंगरप्रिंट विद्या जौहर व जिले के पुलिस एवं अग्निशमन विभाग के सभी राजपत्रित अधिकारी उपस्थित रहे।

### सिरगिट्टी, मोपका भीषण आगजनी की जानकारी

होमगार्ड डीआईजी लक्ष्मी चंद्रा वर्मा व अग्निशमन अधिकारी भी अपनी टीम के साथ मौजूद थे। उनसे पुलिस महानिदेशक के द्वारा फायर सेफ्टी, फायर ऑडिट के संबंध में चर्चा कर जिले की स्थिति की जानकारी ली गई और सिरगिट्टी, मोपका में हुए भीषण आगजनी के संबंध में विस्तृत पर्यवेक्षण रिपोर्ट तैयार करके, जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन से इसको शेयर करने के निर्देश दिया गया है।

### आईजी को मॉनिटरिंग करने का आदेश

डीजीपी श्री गौतम ने आईजी रामगोपाल गर्ग को रेंज के सभी जिलों में पुलिस की कार्यप्रणाली की पर्याप्त मॉनिटरिंग करने और मीटिंग में दिए गए निर्देश रेंज स्तर पर सही तरीके से अमल में लाए जाएं, इसके लिए सतत पर्यवेक्षण के लिए भी कहा।

## एसआईआर के बाद प्रारंभिक प्रकाशन के बाद बढ़ गए 29 हजार 31 मतदाता

# जिले के 6 विधानसभा क्षेत्रों में वोटरों की संख्या 13 लाख 41 हजार 254

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

निर्वाचक नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर अभियान अंतर्गत शनिवार को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया। अंतिम प्रकाशन में जिले के 6 विधानसभाओं में कुल 13 लाख 41 हजार 254 मतदाताओं की संख्या है। वहीं प्रारंभिक प्रकाशन के बाद 29 हजार 31 मतदाता और बढ़ गए हैं।

एसआईआर अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर किया गया है। करीब चार महिने तक एसआईआर की प्रक्रिया चली है और करीब माहभर तक बीएलओ घर-घर जाकर गणना प्रपत्र भराए और मतदाताओं का मिलान व मैपिंग का कार्य किए। एसआईआर जब शुरु हुआ और मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया गया उस समय जिले के 6 विधानसभाओं में 16 लाख 75 हजार 770 मतदाता संख्या थी। 4 नवंबर से सत्यापन का कार्य और गणना फार्म भराने के बाद 23 दिसंबर को प्रारंभिक प्रकाशन में मतदाताओं की संख्या 13 लाख 12 हजार 223 रह गई थी। इसके बाद एक महिने तक दावा-आपत्ति की प्रक्रिया चली और इन दावा-आपत्तियों का निराकरण एवं सुनवाई की प्रक्रिया 14 फरवरी तक किया गया। इसके बाद प्रारुप ड्राफ्ट सूची तैयार किया गया और आज मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। इसमें जिले के 6 विधानसभाओं जिसमें बिलासपुर सहित जीपीएम और मुंगेली जिले वाला बूथ हिस्सा आता है उसको मिलाकर कुल मतदाताओं की संख्या 13 लाख 41 हजार 254 हो गई है। इस तरह प्रारंभिक प्रकाशन के बाद 29 हजार 31 मतदाता बढ़ गए हैं जिनमें बढ़ी संख्या में नए मतदाता शामिल हैं।



### अंतिम सूची में 31 हजार 648 नए मतदाता

1 जनवरी 2026 की पात्रता तिथि तक 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके नए वोटरों द्वारा प्रारुप-6 और संशोधन के लिए प्रारुप-7 एवं विलोपन के लिए प्रारुप-8 भरकर जमा किया गया। मतदाता सूची में नाम जोड़वाने के लिए 33 हजार 45 लोगों ने फार्म भरा था, जिसमें 31 हजार 648 लोगों के फार्म स्वीकृत हुए, जबकि 1 हजार 397 लोगों के फार्म निरस्त हुए। इसी तरह संशोधन के लिए 587 फार्म आए थे, जिसमें से 237 स्वीकृत और 350 निरस्त हुए तथा प्रारुप-8 में 7 हजार फार्म आए थे, जिसमें 6 हजार 464 स्वीकृत व 532 निरस्त हुए हैं। इस तरह दावा-आपत्ति दौरान कुल मिलाकर कुल 40 हजार 632 फार्म आए थे जिनमें से 38 हजार 353 स्वीकृत और 2 हजार 279 निरस्त हुए हैं।

### विधानसभावार मतदाताओं की संख्या

| | | |
|---|---|---|
| ◆ कोटा | — | 198641 |
| ◆ तखतपुर | — | 221228 |
| ◆ बिल्हा | — | 271754 |
| ◆ बिलासपुर | — | 172791 |
| ◆ बेलतरा | — | 202561 |
| ◆ मस्तूरी | — | 274279 |

### चार महिने तक लगा रहा अमला

एसआईआर कार्य में करीब चार महिने तक निर्वाचन, प्रशासन का पूरा अमला लगा रहा। इसमें 6 मतदाता पंजीकरण अधिकारी, 184 सहायक मतदाता पंजीकरण अधिकारी, 2028 बूथ लेवल अधिकारी और 3214 बूथ लेवल एजेंटों सहित कई स्वयंसेवकों को लगाया गया था।

### अंतिम प्रकाशन कर दिया गया

एसआईआर तहत आज मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। जिले के सभी विधानसभाओं को मिलाकर 13 लाख 41 हजार 254 मतदाताओं की संख्या है। दावा-आपत्ति दौरान जो प्रारुप-6 में नाम जोड़ने के लिए आवेदन आए थे उनमें से बड़ी संख्या में नए मतदाता भी शामिल किए गए हैं।

- **शिव बनर्जी**
उप जिला निर्वाचन अधिकारी

## खबर संक्षेप

### चेंट्रीचंड्र महोत्सव : झूलेलाल की निकलेगी शोभायात्रा



**बिलासपुर।** मोटूमल सिंधी सेवा सदन गोल बाजार में सिंधी समाज की एक बैठक आयोजित की गई। इसमें पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत, सिंधी युवक समिति, पूज्य सिंधी 17 वार्ड पंचायतों, सेंट्रल सिंधी युवा विंग सदस्यों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से झूलेलाल जयंती पर चेंट्रीचंड्र महोत्सव सिंधी युवक समिति के नेतृत्व में मनाने का निर्णय लिया गया। सिंधी युवक समिति के संयोजक एवं संरक्षक अमर बजाज ने बताया कि समिति के अध्यक्ष मनीष लाहोरानी को शोभायात्रा की पूरी जिम्मेदारी दी गई है। जिनका सहयोग पूरा बिलासपुर सिंधी समाज करेगा। 20 मार्च को एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। बैठक में विनोद मेघानी, प्रकाश ग्वालानी, डीडी. आहुजा, पीएन. बजाज, मनीष लाहोरानी, अमर बजाज, मनोहरलाल खटवानी, रुपचंद डोडवानी, मोती गंगवानी, ब्रजलाल नागदेव, ओमप्रकाश जीवनानी, गोपाल सिंधवानी, नरेंद्र नागदेव, आदि मौजूद रहे।
परसराम डोडवानी, नरेश कोटवानी, राजेश छुगानी, आनंद देसर, अजीत थावरानी, शिव धामेचा, मुरली वाधवानी, राबिनु वाधवानी, कमल बजाज, अमित संतवानी, मुकेश मूलचंदानी, ओमप्रकाश मनचंदा, हीरानंद छुगानी, राजेश गंगवानी सहित समाज के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### शांता फाउंडेशन बिलासपुर ने कुष्ठ रोगियों को कराया भोजन



**बिलासपुर।** शांता फाउंडेशन बिलासपुर ने स्वः मुरलीधर वैष्णव की पुण्यतिथि में उनके परिजनों की ओर से कुष्ठ आश्रम में कुष्ठ रोगियों को रात्रि का भोजन कराया। शांता फाउंडेशन के फाउंडर गौ सेवक नीरज गेमनानी ने बताया कि आश्रम के रोगियों की सेवा हमेशा करने का प्रयास रहता है। विभिन्न अवसरों में आश्रम के रोगियों की सेवा की जाती है। इसी क्रम में आज कुष्ठ आश्रम में कुष्ठ रोगियों को भोजन कराया गया। इस मौके पर निकिता वैष्णव, सृष्टि सिंह, अनीता तिवारी, जसमीत टुटेजा, आशीष सिंह राजपूत मौजूद रहे।

## एजुकेशन प्लस

### चौकसे कालेज की छात्रा का भारतीय सेना में चयन

**बिलासपुर।** चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं टेलीकम्युनिकेशन विभाग की मेधावी एवं प्रतिभाशाली छात्रा सुप्रिया सिंह ठाकुर का इंडियन आर्मी में लेफ्टिनेंट पद पर चयन प्राप्त किया गया है। इसके साथ ही उन्होंने ऑल इंडिया रैंक 4 प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। सुप्रिया की इस ऐतिहासिक सफलता से महाविद्यालय परिवार, उनके अभिभावकों तथा पूरे बिलासपुर क्षेत्र में हर्ष और गर्व का वातावरण व्याप्त है। यह उपलब्धिन केवल उनके व्यक्तिगत परिश्रम और दृढ़ संकल्प का परिणाम है, बल्कि संस्थान के शैक्षणिक वातावरण और मार्गदर्शन की गुणवत्ता को भी दर्शाती है। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं टेलीकम्युनिकेशन के प्रो. सचिन मेश्राम ने बताया कि सुप्रिया शुरू से ही अनुशासित, लक्ष्य के प्रतिप्रतिबद्ध और मेहनती छात्रा रही हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सुप्रिया भारतीय सेना में अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ करेंगी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नितिन जैन ने कहा कि सुप्रिया की यह सफलता पूरे कॉलेज के लिए प्रेरणादायक है। प्रबंध निदेशक डॉ. आशीष जायसवाल ने कहा कि किसी भी शैक्षणिक संस्थान के लिए यह अत्यंत गर्व का क्षण होता है जब उसकी छात्रा राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करती है।



### ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल मिशन कैंपस में मना यूकेजी छात्रों के स्नातक समारोह



**बिलासपुर।** ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल मिशन कैंपस ने 20 और 21 फरवरी को अपने यूकेजी छात्रों के स्नातक समारोह को गर्व और भव्यता के साथ मनाया। दो दिवसीय उत्सव एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ क्योंकि युवा शिक्षार्थियों ने औपचारिक रूप से बुनियादी वर्षों से प्राथमिक शिक्षा में प्रवेश किया। संस्थान अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल के दूरदर्शी नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है, जिनकी मूल्य-आधारित और प्रगतिशील शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता ने उत्कृष्टता की संस्कृति को आकार दिया है। निदेशक प्राचार्या सुश्री श्रुति गुप्ता के गतिशील शैक्षणिक नेतृत्व के साथ-साथ प्रबंधन समिति के निरंतर समर्थन और रणनीतिक दिशा ने स्कूल के समग्र और भविष्योन्मुखी शैक्षिक ढांचे को मजबूत किया है। समारोह में मुख्य अतिथि गुंजन अग्रवाल और डॉ. पूनम पांडे ने बच्चे के प्रारंभिक वर्षों में संचार कौशल और प्रारंभिक हस्तक्षेप की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। मूलभूत चरण में भावनात्मक लचीलापन और संज्ञानात्मक पोषण के महत्व पर प्रकाश डाला गया। प्राचार्या सुश्री संगीता मिश्रा ने प्रारंभिक शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया और माता-पिता और शिक्षकों के अटूट समर्थन की सराहना की। स्नातक वस्त्र और टोपी पहने हुए, उपलब्धि हासिल करने वाले युवा छात्रों ने जीवंत सांस्कृतिक प्रदर्शनों और आत्मविश्वास से भरी मंच प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उप प्राचार्या, सुश्री नंदिता चटर्जी, सुश्री सीमा अग्रवाल ने धन्यवाद प्रस्ताव ज्ञापित किया। बीपीएस के प्राचार्य ने बताया कि ये बच्चे कल के भविष्य हैं, इनको संवारना हमारा दायित्व है। इन्हें पढ़ा लिखाकर अच्छा नागरिक बनाना हमारी जिम्मेदारी है इसके लिए हम सब को मिलकर प्रयास करना होगा।

---

**रमन विवि के छात्रों ने पाई सफलता** | विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम

# 6 छात्र व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 में चयनित, 1 छात्र अनुपूरक सूची में शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय के विधि विभाग के पांच विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ सिविल जज (व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2) परीक्षा में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त कर संस्थान का नाम गौरवान्वित किया है।

मुख्य सूची में तृप्ति अग्रवाल, अंजु पात्रे, अश्वीन खाका और डिप्पल अजगल्ले का चयन हुआ है, जबकि प्रगति उपाध्याय का नाम अनुपूरक सूची में शामिल किया गया है। यह उपलब्धि न केवल विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है, बल्कि विश्वविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण, अनुभवी प्राध्यापकों के मार्गदर्शन तथा उत्कृष्ट अध्ययन-संरचना की भी प्रमाणिकता है। विधि विभाग द्वारा विद्यार्थियों को प्रारंभ से ही न्यायिक सेवा की तैयारी के लिए विशेष मार्गदर्शन, मॉक टेस्ट, केस स्टडी विश्लेषण और साक्षात्कार प्रशिक्षण दिया जाता रहा है, जिसका सकारात्मक परिणाम अब सामने आया है।






### छात्र समाज में न्याय व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाएंगेः कुलपति

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार घोष ने सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता संपूर्ण विश्वविद्यालय परिवार के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि न्यायिक सेवा में प्रवेश केवल एक पद प्राप्त करना नहीं, बल्कि समाज में न्याय, निष्पक्षता और संविधान के मूल्यों की रक्षा का दायित्व निभाना है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपेक्षा व्यक्त की कि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन ईमानदारी, संवेदनशीलता और नैतिकता के साथ करेंगे तथा समाज में न्याय व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाएंगे। कुलसचिव डॉ. अरविंद कुमार तिवारी ने विद्यार्थियों की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सिद्ध करता है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और प्रयास सतत हो, तो सफलता निश्चित रूप से प्राप्त होती है।

**चयनित छात्रों ने कहा :** चयनित छात्रों में तृप्ति अग्रवाल ने कहा डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय ने मुझे न केवल विधिक ज्ञान दिया, बल्कि आत्मविश्वास और लक्ष्य के प्रति दृढ़ता भी सिखाई। अंजु पात्रे ने कहा कि विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों के सतत मार्गदर्शन और प्रेरणा के बिना यह सफलता संभव नहीं थी। अश्वीन खाका ने कहा कि यहां का शैक्षणिक वातावरण और अनुशासन ने मुझे न्यायिक सेवा की तैयारी में नई दिशा दी। डिप्पल अजगल्ले ने कहा कि विश्वविद्यालय ने हमें केवल पढ़ाया नहीं, बल्कि न्याय के मूल्यों को समझना भी सिखाया। प्रगति उपाध्याय ने कहा कि अनुपूरक सूची में स्थान मिलना मेरे लिए गर्व की बात है।

### 8 वीं रैंक के साथ अवन्तिका का चयन

बिलासपुर शहर के गोकुलधाम निवासी कार्तिकी अवन्तिका सीजीपीएससी सिविल जज एग्जाम में 8वीं रैंक के साथ चयनित हुई हैं। जीवाजी यूनिवर्सिटी से बीकाम एलएलबी करने के बाद, उन्होंने इंदौर से एलएलएम किया। वे रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर से पीएचडी भी कर रही हैं। अवन्तिका गोकुलधाम घुरू निवासी बृजेश व अनामिका तिवारी की पुत्री हैं।



### सिविल जज की परीक्षा में तृप्ति चयनित

सीजीपीएससी ने सिविल जज परीक्षा 2024 का फाइनल रिजल्ट जारी किया है। विधि एवं विधायी कार्य विभाग के तहत कुल 57 पदों पर भर्ती के लिए आयोग ने फाइनल सिलेक्शन लिस्ट जारी कर दी है। मेरिट सूची में अंजुम आरा ने पहला स्थान हासिल किया है। उनके बाद शिवांगी तिवारी दूसरे, आयुष चौरसिया तीसरे, अगन कुमार दहाके चौथे और एकांश अग्रवाल पांचवें स्थान पर रहे। इसमें बिलासपुर जिले की कोटा क्षेत्र में रहने वाली तृप्ति अग्रवाल का भी चयन हुआ है। उनको 17 वां रैंक मिला है। उन्होंने सीवी रामन विवि से एलएलएम और सीवीआरयू से ही बीबीए किया है।



---

नगर निगम ने किया साढ़े आठ करोड़ राशि का नया टेंडर

# नगरोत्थान योजना से बन रही अरपा नदी किनारे की अधूरी सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अरपा उत्थान एवं तट संवर्धन के तहत स्मार्ट सिटी से रिवर व्यू स्थित बांई ओर की सड़क का काम अधूरा पड़ा था। स्मार्ट सिटी तहत इस अधूरी सड़क का निर्माण अब नगरोत्थान योजना अंतर्गत पूरा किया जा रहा और इसके लिए नगर निगम ने साढ़े आठ करोड़ राशि का नया टेंडर किया है, जिसके तहत इंदिरा सेतु से पुराने पुल तक डब्लूएमएम का काम पूर्ण कर लिया गया है।

- इंदिरा सेतु से पुराने पुल तक डब्लूएमएम का कार्य पूर्ण

रिवर व्यू स्थित इस बांई ओर सड़क का नामकरण अटल पथ के नाम पर किया गया है। स्मार्ट सिटी का यह अधूरा काम अब नगर निगम द्वारा नगरोत्थान योजना से पूरा किया जा रहा है। अरपा उत्थान एवं तट संवर्धन योजना तहत स्मार्ट सिटी से रिवर व्यू स्थित बांई ओर सड़क का निर्माण किया जाना था, किन्तु संबंधित ठेका कंपनी द्वारा काम ही नहीं किया जा रहा था और लंबे समय से काम बंद पड़ा था,। इसके चलते स्मार्ट सिटी ने कुछ माह पहले इस बांई ओर सड़क का ठेका निरस्त कर दिया था और उस सड़क को पूरा करने के लिए नगर निगम की ओर से नगरोत्थान योजना अंतर्गत नया टेंडर किया था। करीब साढ़े आठ करोड़ राशि से यह काम पूरा किया जाएगा, जिसके लिए वर्क आर्डर जारी होने बाद काम चालू हो गया था और अब सरकंडा की ओर इंदिरा सेतु से पुराने पुल तक अरपा नदी किनारे सड़क का डब्लूएमएम का काम पूरा हो गया है और जल्द ही डामरीकरण होते ही यह सड़क आवागमन के लिए तैयार हो जाएगा।



### सड़क के लिए कई बार दिया जा चुका था एक्सटेंशन

इस कार्य के लिए स्मार्ट सिटी की ओर से पहले ठेका कंपनी को एक्सटेंशन दिया गया था। लेकिन उसके बाद भी ठेका कंपनी द्वारा कार्य पूर्ण करने रूचि नहीं दिखाई गई। इस कार्य की धीमी रफ्तार लेटलतीफी को देखते हुए स्मार्ट सिटी की ओर से 2 अप्रैल 2025 को गणपति इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी पर 37 लाख 50 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया गया था और नोटिस जारी किया गया था। अर्थदंड लगाए जाने और नोटिस के बाद भी कार्य में प्रगति नहीं लाने पर कार्य की नियम शर्तों के अनुरुप 6 प्रतिशत की दर से गणपति इंफ्रास्ट्रक्चर पर 2 करोड़ 99 लाख रुपए का अर्थदंड लगाया गया और ठेका निरस्त करते हुए उक्त कार्य के लिए नया टेंडर जारी किया गया है। ठेका निरस्तीकरण के बाद नया टेंडर करने पर नियमानुसार पूर्व ठेका कंपनी मेसर्स गणपति इंफ्रास्ट्रक्चर पर शेष राशि के कार्य का दस प्रतिशत 11 लाख 32 हजार अतिरिक्त अर्थदंड लगाया गया है। इस प्रकार कुल 3 करोड़ 10 लाख 32 हजार रुपए का अर्थदंड मेसर्स गणपति इंफ्रास्ट्रक्चर पर निरूपित किया गया था।

### पुराने ठेका कंपनी पर ठोंका गया था जुर्माना

स्मार्ट सिटी ने अरपा उत्थान एवं तट संवर्धन योजना के तहत नदी की बाई ओर इंदिरा सेतु से पुराना पुल तक निर्माणाधीन सड़क कार्य को लटकाए रखने वाले ठेका कंपनी मेसर्स गणपति इंफ्रास्ट्रक्चर का ठेका निरस्त करते हुए उसपर 3 करोड़ रुपए की पेनाल्टी भी की गई थी। स्मार्ट सिटी तहत अरपा उत्थान एवं तट संवर्धन योजना अंतर्गत नदी की बाईं ओर सड़क का काम ठेका कंपनी द्वारा लटकाकर रखा गया था। योजना के दूसरे चरण में 49 करोड़ 94 लाख रुपए की लागत से इस नदी की बाईं ओर समतलीकरण, रिटेनिंग वॉल, नाला, सड़क समेत अन्य कार्य किए जाने थे। इसके लिए मेसर्स गणपति इंफ्रास्ट्रक्चर को कार्यादेश जारी किया गया था। समयावधि बीत जाने के बावजूद ठेका कंपनी द्वारा काम को पूरा नहीं किया गया।

### रिवर व्यू में अधूरा काम पूरा कराया जा रहा

रिवर व्यू में स्मार्ट सिटी तहत जो पुराना सड़क का काम अधूरा था उसे पूरा कराया जा रहा है। अरपा नदी किनारे इंदिरा सेतु से पुराने पुल तक सड़क का डब्लूएमएम का कार्य हो चुका है।

-प्रकाश सर्वे
कमिश्नर ननि

---

# कोनी-अशोक नगर सड़क को 8 करोड़ रुपए की मिली स्वीकृति

देवभोग कोनी से पत्रकार कालोनी होते हुए अशोक नगर पानी टंकी तक जाने वाली सड़क के निर्माण के लिए शासन द्वारा आठ करोड़ रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस सड़क को बीते वर्ष बजट में शामिल किया गया था। इस सड़क के निर्माण की मांग काफी पहले से की जा रही थी। सड़क का निर्माण हो जाने से लोगों का आवागमन आसान हो सकेगा।

कोनी से अशोक नगर के बीच प्रस्तावित लगभग साढ़े तीन किलोमीटर लंबाई वाली सड़क के लिए शासन द्वारा आठ करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई है। यह सड़क देवभोग मिल्क के सामने एवं नगर निगम के सिटी बस डिपो के ठीक बाजू से निकलकर वन विभाग के रेस्ट हाऊस होते हुए पत्रकार कॉलोनी फेस-2 एवं फेस-1 होते हुए रघु विहार से आशोक नगर पानी टंकी के बाजू से अशोक नगर में निर्माणाधीन गौरव पथ से जाकर मिलेगी। इस सड़क के प्रस्ताव को बीते वर्ष बजट में शामिल किया गया था। हालांकि इस सड़क के निर्माण की कवायद काफी पहले से ही की जा रही थी। इसके अंतर्गत लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के द्वारा मार्ग का कई बार सर्वे एवं रिवाइज स्टीमेट तैयार किया जाता रहा है। शुक्रवार को बिलासपुर प्रेस क्लब के शपथ ग्रहण समारोह में बतौर मुख्यअतिथि उपस्थित उपमुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण विभाग मंत्री अरूण साव ने कोनी से अशोक नगर सड़क के निर्माण के लिए शासन द्वारा आठ करोड़ की स्वीकृति देने की न केवल सूचना दी, बल्कि सभी पत्रकारों को बधाई भी दी।

### बीते साल किया गया था बजट में शामिल



### मल्टीस्पेशलिटी हास्पिटल का शार्टकट रास्ता

राजकिशोरनगर एवं सीपत क्षेत्र में बसे गांवों के रहने वालों के लिए मल्टीस्पेशलिटी हास्पिटल पहुंचने के लिए यह रास्ता बेहद शार्टकट साबित होगा। सीपत क्षेत्र के लोगों को मल्टीस्पेशलिटी हास्पिटल एवं यूनिवर्सिटी जाने के लिए सीपत चौक से कोनी जाने की जरूरत नहीं होगी। लोग अशोकनगर से इसी मार्ग के जरिए सीधे देवभोग के सामने कोनी पहुंच जाएंगे, जहां से मल्टीस्पेशलिटी हास्पिटल लगा ही हुआ है, वहीं सारी यूनिवर्सिटी भी आसपास ही हैं।

### बारिश में पैदल चलना भी दूभर

वर्तमान में यह सड़क मुरूम एवं मिट्टी की है, जो हल्की बारिश में भी कीचड़युक्त हो जाती है। तेज बारिश के बाद इस सड़क से दुपहिया या चारपहिया वाहन तो दूर पैदल चलना भी दूभर होता है। चूंकि इस मार्ग में पत्रकार कॉलोनी के अलावा और भी कई कालोनियां बन चुकी हैं, जिससे निवासियों के द्वारा मुरूम एवं मलमा डालकर बारिश के चार महीने सड़क को आवागमन के लायक बनाया जाता है। सड़क का निर्माण हो जाने के बाद इस झंझट से छुटकारा मिल जाएगा।

### फिलहाल पत्र नहीं आया है

कोनी-अशोकनगर सड़क को स्वीकृति मिली है, ऐसा सुनने में आया है, लेकिन फिलहाल कोई पत्र नहीं आया है।

- सीएस विंध्यराज, ईई
पीडब्ल्यूडी डिवीजन-1

---

**बैंक ऑफ इंडिया इम्प्लाइज यूनियन छत्तीसगढ़ का सम्मेलन**

# बैंकों के निजीकरण के खिलाफ संघर्ष तेज होगाः वेंकटाचलम

**बिलासपुर।** आल इंडिया बैंक इम्प्लाइज एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव सी एच वेंकटचलम ने कहा कि बैंकों के निजीकरण के खिलाफ संघर्ष तेज किया जाएगा।

देशभर में 7.70 लाख सदस्यों की ताकत वाले एआईबीईए के महासचिव सी एच वेंकटाचलम का शनिवार को रायपुर आगमन पर ढोल बाजे के साथ जोरदार स्वागत किया गया। आज बैंक ऑफ इंडिया इम्प्लाइज यूनियन छत्तीसगढ़ के 5 वें राज्य सम्मेलन रायपुर में आयोजित किया गया। इस बैठक में शामिल होने एआईबीईए के राष्ट्रीय महासचिव सी एच वेंकटचलम के आगमन पर बैंक ऑफ इंडिया के कर्मचारियों ने उनका जोशिला स्वागत किया। बीआईओ एम्पलाइज यूनियन छत्तीसगढ़ के महासचिव हर्षवर्धन सिंह बिष्ट के नेतृत्व में अगुवानी की गई। महासचिव वेंकटचलम ने कहा कि एआईबीईए देश के 12 राष्ट्रीयकृत बैंकों में से 10 बैंकों में प्रमुख यूनियन के रूप में कार्यरत है। साथ ही विभिन्न निजी बैंकों में भी इसके सदस्य सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। देशभर में एआईबीईए के लगभग 7,70,000 सदस्य हैं, जो इसे बैंकिंग क्षेत्र का सबसे बड़ा और प्रभावशाली कर्मचारी संगठन बनाते हैं। इस अवसर पर श्री वेंकटाचलम ने कहा कि बैंकिंग उद्योग देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और इसे कमजोर करने की किसी भी नीति का कर्मचारी वर्ग एकजुट होकर विरोध करेगा। सम्मेलन में वेतन समझौता, स्टाफ की कमी, बढ़ते कार्यभार, सेवा शर्तों की सुरक्षा एवं बैंकिंग क्षेत्र की वर्तमान चुनौतियों पर गंभीर चर्चा कर आगामी रणनीति तय की जाएगी। बैंक ऑफ इंडिया इम्प्लाइज यूनियन छत्तीसगढ़ के महासचिव हर्षवर्धन बिस्ट ने स्पष्ट संदेश दिया कि कर्मचारियों के हितों से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर इंडियन बैंक एम्प्लॉयस एसोसिएशन के महासचिव अनुपम एक्का, व्हाई शिवा, पंजाब नेशनल बैंक के महासचिव पी के दास, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के महासचिव शैलेश कुकरेजा, यूको बैंक के महासचिव शिरीष नलगुंडवार शामिल थे।




---

# भाजपा कार्यकर्ता को वैचारिक परिपक्व बनाना प्रशिक्षण के उद्देश्य : तोखन



**बिलासपुर।** भाजपा जिला ग्रामीण की एक दिवसीय कार्यशाला में मुख्य विषय वक्ता केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीति नीति, हमारे वैचारिक अधिष्ठानों पार्टी के इतिहास और विकास के क्रम का समुचित ज्ञान हो इस लिहाज से समय समय पर प्रशिक्षण कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता है।

उन्होंने कहा कि एक प्रशिक्षित कार्यकर्ता समाज पर अपना व्यापक प्रभाव छोड़ता है विषयों का समुचित ज्ञान हमे परिपक्व कार्यकर्ता बनाती है। यही कारण है कि भाजपा कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण पर जोर देती है। श्री साहू ने कहा कि नरेन्द्र मोदी की नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार ने अपने योजनाओं के केंद्र में गरीबों को रख कर कई कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया। 55 करोड़ जनधन के खाते खोलकर गरीबों को सीधा बैंकिंग प्रणाली से जोड़ा जिसका लाभ डायरेक्ट बेनिफिट के माध्यम से उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ उन्हें मिल रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना से 3 करोड़ से भी अधिक पक्के मकान गरीबों को दिए जा चुके हैं। प्रधानमंत्री ने देश के 80 करोड़ लोगों के लिए मुफ़्त अनाज देने की व्यवस्था दी। अनेक ऐसी जनहित से जुड़ी योजनाए हैं जो अंत्योदय को उद्देश्य में ध्यान में रख कर बनाए गए हैं। बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ताओ को केन्द्र ओर राज्य सरकार की योजनाओं ओर विकास कार्यों का ज्ञान होना चाहिए। हमे केंद्रीय और राज्य के बजट की विशेषताओं को भी जनता के समक्ष रखना चाहिए। छत्तीसगढ़ स्थापना से लेकर वर्तमान समय में राज्य के चहुमुखी विकास और हितग्राही मूलक योजनाओं के प्रचार प्रसार एक जिम्मेदार कार्यकर्ता होने के नाते हमारा दायित्व बनता है। सत्र में जिले के सभी मण्डलों में 7 मार्च 14 अप्रैल तक होने वाले मण्डल प्रशिक्षण कार्यक्रम की तिथि व स्थान की जानकारी मण्ड्ल टीम द्वारा दी गई। कार्यशाला में पूर्व मंत्री डॉ कृष्णमूर्ति बाँधी ने कार्यकर्ताओं के शंका समाधान किया।

- जिला ग्रामीण कार्यशाला में भाजपाइयों ने लिया प्रशिक्षण

कार्यशाला का संचालन जिला महामंत्री यश मनहर ने किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष मोहित जायसवाल, यश मनहर, जनक देवांगन, अवधेश अग्रवाल, उमेश गौरहा, शंकर दयाल शुक्ला, प्रणव शर्मा, निखिल केशरवानी, तिरिथ यादव, राजेन्द्र अग्रहरि, नागेश्वरी साहू, शैल भोई, सरोजनी भरतद्वज, रामप्यारी यादव, ललिता मरकाम, बी पी सिंह, दिलेन्द्र कौशिक, अंकुर सिंह, धीरेंद्र दुबे, घनश्याम रात्रे, लखन पैकरा, बबीता ताम्रकार, सुनीता साहू, जूही वर्मा, सरस्वती सोनवानी, राधेश्याम मिश्रा आदि मौजूद थे।

# डाक्टरों ने स्तन कैंसर के इलाज और निदान संबंधी नवाचारों को साझा किया

**बिलासपुर।** विगत दिनों में छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान (सिम्स), बिलासपुर में अधिष्ठाता (डीन) डॉ. रमनेश मूर्ति के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में सर्जरी विभाग द्वारा एक दिवसीय स्तन कैंसर के इलाज संबंधी जागरूकता सीएमई आयोजित किया गया। जिसके माध्यम से चिकित्सा क्षेत्र में स्तन कैंसर के इलाज एवं निदान संबंधी नवाचारों को साझा किया गया। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि चिकित्सक वास्तविक उपचार के दौरान पूरी तरह प्रशिक्षित और आत्मविश्वास से भरे हों। इसके साथ ही स्तन कैंसर के मरीजों के साथ बेहतर संवाद और नैतिकता पर भी गहन चर्चा की गई।

कार्यक्रम में अतिथि व्याख्याता डॉ. राधाकृष्णा रामचंदानी प्रोफेसर एम्स रायपुर, डॉ. अमित वर्मा वरिष्ठ कंसल्टेंट अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर, इन हाउस स्पीकर डॉ. चंद्रहास ध्रुव प्रोफेसर रेडिएशन एंड मेडिकल ओंकोलॉजी, डॉ. शहनाज बानो सहायक प्राध्यापक पैथोलॉजी विभाग ने स्तन कैंसर के इलाज - सर्जरी, की मो थे रे पी , हिस्टोपैथोलॉजी के विषय पर नवीनतम इलाज के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया।

- सिम्स में स्तन कैंसर पर दो दिवसीय कार्यशाला

### वरिष्ठ विशेषज्ञों ने दिया मार्गदर्शन

इस सेमिनार में संस्थान के वरिष्ठ विशेषज्ञों ने सक्रिय भूमिका निभाई इसमें डॉ. भूपेन्द्र कश्यप, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. लखन सिंह, डॉ. मधुमिता मूर्ति, डॉ ओमप्रकाश राज, डॉ. केशव कश्यप एवं अन्य फैकल्टी सदस्य उपस्थित रहे।



हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, रविवार 22 फरवरी 2026
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



आयोजन

## मारवाड़ी महिलाओं के होली मिलन में सीमा बनी मूर्खाधिराज



**बिलासपुर।** आज अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन द्वारा महिलाओं के लिए होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें 65 महिलाओं की उपस्थिति दर्ज की गई। कार्यक्रम में अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन ने सुनीता अग्रवाल का आभार प्रकट किया। जिन माता फार्म हाउस में आयोजित इस कायक्रम के होली मिलन समारोह की मुख्य अतिथि निकी संजय अग्रवाल, प्रांतीय अध्यक्ष उमा छापरिया, प्रांतीय सचिव सीमा गुप्ता रही। समय पर आने वालों में सीमा गर्ग, पल्लवी टिबरेवाल, किरण सिंघानिया रही। वहीं लकी गेम्स में 3 महिलाओं को पुरस्कृत किया गया। मूर्खाधिराज सीमा गुप्ता को बनाया गया। महिला सम्मेलन की अध्यक्ष मधु बगड़िया, सचिव रंजना अग्रवाल के साथ सभी प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी और ग्रुप की सभी सदस्यों की उपस्थिति रही।

सम्मेलन

## सिरगिट्टी में होगा गणगौर उत्सव महिलाएं सदस्य बना रहीं कार्ययोजना



**बिलासपुर।** अखिल भारतीय अग्रवाल महिला सम्मेलन द्वारा गत वर्षो की तरह इस वर्ष भी गणगौर उत्सव मनाने का निर्णय लिया गया है। इसकी तैयारी बैठक निरंतर की जा रही है। इसमें कार्यक्रम को भव्य बनाने कार्ययोजना बनाई जा रही है। समाज की आशा अग्रवाल ने बताया कि गणगौर को लेकर सबसे पहले निम्बार्क भवन विद्यानगर में बैठक आयोजित की गई। इसमें संस्था की सदस्यों ने काफी उत्साह दिखाया। इसके बाद ज्योति सुल्तानिया क्रांतिनगर सहित अन्य सदस्यों के यहां बैठक कर महोत्सव को लेकर चर्चा की जा रही है। उन्होंने बताया कि महोत्सव के दौरान गणगौर म्यूजिकल हाउजी खेल कर घूमर नृत्य पेश किया जाएगा। भारत की प्रसिद्ध महिलाएं की थीम पर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

प्रदर्शनी

## शबरी कालेज में खाद्य संरक्षण पर छात्राओं ने लगाए स्टाल



**बिलासपुर।** माता शबरी नवीन कन्या कॉलेज के गृह विज्ञान विभाग एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में खाद्य संरक्षण प्रदर्शनी लगाई गई। इसमें छात्राओं ने अपने द्वारा तैयार आचार, पापड़, चिप्स एवं मुरब्बा आदि खाद्य उत्पादों के स्टाल लगाए। प्रदर्शनी लगाने का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में छिपी प्रतिभा को बाहर निकालना तथा उनके कौशलों को विकसित करना था। छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनी समय-समय पर आयोजित की जानी चाहिए, ताकि वे नई चीजें सीख कर भविष्य में इसे व्यवसाय के रूप में अपना सकें। छात्राओं ने अपने द्वारा निर्मित उत्पादों का विक्रय भी किया। प्राचार्या डॉ. शशिकला सिन्हा ने छात्राओं के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में प्रेरित करता है।

# ट्रांजैक्शन नहीं, ट्रांसफॉर्मेशन बने जीवन का लक्ष्य : राज्यपाल

राज्यपाल रमेन डेका ने शनिवार को अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय में "ट्रांसफॉर्मिंग यूनिवर्सिटीज फॉर होलिस्टिक डेवलपमेंट" विषय पर आयोजित कुलपतियों के दो दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन किया और कहा कि ट्रांजैक्शन नहीं, ट्रांसफॉर्मेशन जीवन का लक्ष्य बने। उन्होंने विश्वविद्यालय की त्रैमासिक पत्रिका कन्हार का भी विमोचन किया।





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

राज्यपाल ने विद्यार्थियों से जीवन में सकारात्मकता बनाए रखने का आह्वान करते हुए कहा कि अपने संपूर्ण जीवन में कोई एक ऐसा कार्य करें कि जिसमें केवल ट्रांजैक्शन नहीं, बल्कि ट्रांसफॉर्मेशन का भाव हो। भारत की प्राचीन शिक्षा व्यवस्था अत्यंत समृद्ध और मूल्यनिष्ठ थी, किंतु औपनिवेशिक काल में लॉर्ड मैकाले की नीतियों के कारण इसकी दिशा परिवर्तित हुई। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 भारतीय मूल्यों और समग्र विकास की अवधारणा को पुनर्स्थापित करने का सशक्त प्रयास है। इसकी विशेषताओं को समाज तक पहुंचाना तथा प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना विश्वविद्यालयों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। विश्वविद्यालय केवल डिग्री प्रदान करने वाले संस्थान नहीं रहे बल्कि विचार, नवाचार और राष्ट्र निर्माण के केंद्र हैं। कुलपति शैक्षणिक नेतृत्व के संवाहक हैं, जिनके निर्णय आने वाली पीढ़ियों की दिशा तय करते हैं। उन्होंने शैक्षणिक सुशासन, गुणवत्ता आश्वासन, शोध एवं नवाचार तथा डिजिटल परिवर्तन पर विशेष बल दिया।

### नवाचार की संस्कृति हो विकसित

राज्यपाल ने कहा कि समग्र विकास की दिशा में स्कूल कॉलेजों में ड्रॉपआउट की समस्या सबसे बड़ी चुनौती है। जब तक विद्यार्थी शिक्षा से निरंतर जुड़े नहीं रहेंगे, तब तक किसी भी नीति का उद्देश्य पूर्ण नहीं हो सकता। डिजिटल युग का उल्लेख करते हुए राज्यपाल ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), ऑनलाइन संसाधन और डेटा विश्लेषण उच्च शिक्षा के महत्वपूर्ण उपकरण हैं। इनका उपयोग शिक्षा की गुणवत्ता और पहुंच बढ़ाने के लिए किया जाना चाहिए। साथ ही मानवीय मूल्यों को भी सुदृढ़ बनाए रखना आवश्यक है। उन्होंने शोध और नवाचार को विश्वविद्यालयों की आत्मा बताते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान से ही आत्मनिर्भर भारत की नींव सशक्त होगी। विश्वविद्यालयों को उद्योग, समाज और शासन के साथ समन्वय स्थापित कर नवाचार की संस्कृति विकसित करनी चाहिए।

राज्यपाल ने किया कुलपतियों के सम्मेलन का उद्घाटन
विश्वविद्यालय की त्रैमासिक पत्रिका कन्हार का विमोचन

### विश्वविद्यालय ने की है प्रगति : बाजपेई

अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य ए.डी.एन. वाजपेयी ने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक उपलब्धियों की जानकारी देते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप पाठ्यक्रम निर्माण, दीक्षांत समारोहों के आयोजन तथा समयबद्ध परीक्षा परिणामों में विश्वविद्यालय ने उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने बताया कि प्रशासनिक पारदर्शिता और सामूहिक निर्णय प्रक्रिया विश्वविद्यालय की प्राथमिकता है। वित्तीय सुदृढ़ीकरण एवं अधोसंरचना विकास योजनाओं पर कार्य जारी है। कुलपति ने विश्वविद्यालय को उत्कृष्टता की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए सभी के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में कुलपति आचार्य एडीएन वाजपेयी, महापौर पूजा विधानी, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति गिरीश चंद्र त्रिपाठी, कुल सचिव तारणीश गौतम, संभागीय कमिश्नर सुनील जैन, कलेक्टर संजय अग्रवाल, नगर निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे, सीईओ जिला पंचायत संदीप अग्रवाल सहित विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति, प्राध्यापकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

रायगढ़ घराने को समर्पित 'विरासत 2026' का भव्य आग़ाज़

## कला साधकों ने लय, ताल के साथ दी कथक की प्रस्तुति





**बिलासपुर।** भारतीय शास्त्रीय नृत्य एवं संगीत की समृद्ध परंपरा को समर्पित दो दिवसीय अखिल भारतीय महोत्सव "विरासत 2026" का शुभारंभ शनिवार को देवकीनंदन दीक्षित सभा भवन लाल बहादुर शास्त्री स्कूल प्रांगण में हुआ। इसमें देश के विख्यात कला साधकों ने लय, ताल के साथ कथक की प्रस्तुति पारंपरिक वेशभूषा में दी। महोत्सव के प्रथम दिवस की सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ सरस्वती वंदना से किया गया। जिसकी प्रस्तुति श्री विश्ववेद संगीत महाविद्यालय द्वारा दी गई। निर्देशन व्ही मीना रमन का रहा। इसके पश्चात मास्टर आरव भुरंगी ने स्वतंत्र तबला वादन की आकर्षक प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। यह आयोजन स्व. पं. फिरतु महाराज नृत्याचार्य, रायगढ़ घराना की पावन स्मृति में कला विकास केन्द्र बिलासपुर द्वारा आयोजित किया गया है, जो रायगढ़ घराने की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाने का एक सार्थक प्रयास है।

### समूह नृत्य रही आकर्षण की केंद्र

कार्यक्रम में देश के विख्यात कला साधक ज्योतिश्री बोहिदार वैष्णव, चिरंजीवी हलधर, सृष्टि गर्ग, ओजस्विता रायल, चित्रांशी पर्णिकार एवं निहारिका यादव द्वारा पेश समूह कथक नृत्य "ऋतु श्रृंगार" विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। इस नृत्य में कलाकारों ने विविध ऋतुओं की सौंदर्य और भावनाओं को अभिव्यक्त किया। निर्देशन पं. सुनील एवं वासंती वैष्णव का रहा। रचयिता ठाकुर वेदमणि सिंह हैं। प्रथम दिवस की यह सांस्कृतिक संध्या न केवल कथक एवं शास्त्रीय संगीत की उत्कृष्ट प्रस्तुतियों का मंच बना बल्कि यह युवा कलाकारों के लिए प्रेरणा तथा कला प्रेमियों के लिए एक दुर्लभ अनुभव भी सिद्ध हुई। आयोजन को संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ शासन एवं एसईसीएल बिलासपुर का सहयोग प्राप्त है।

### आज समापन

विरासत 2026 का रविवार 22 फरवरी को समापन होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमर अग्रवाल नगर विधायक होंगे। अध्यक्षता पदद्मश्री पं. रामलाल बरैठ वरिष्ठ नृत्याचार्य रायगढ़ घराना करेंगे। विशिष्ट अतिथि आचार्य अरूण दिवाकर नाथ वाजपेयी कुलपति अटल बिहारी बाजपयी विश्वविद्यालय, विनोद सोनी पूर्व

### ये रहे अतिथि

उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि संजय अग्रवाल कलेक्टर थे। अध्यक्षता आलोक त्रिपाठी पूर्वकालिक निदेशक एन. जी. सी. एल. एनटीपीसी दिल्ली ने की। विशिष्ट अतिथि निदेशक मानव संसाधन, डॉ. अरविंद तिवारी कुलसचिव डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय, अनुपमा शर्मा जीजी.यू. प्रोफेसर रहे।



## तेलुगू समाज करेगा प्रतिभाओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तेलुगू संयुक्त समाज कल्याण समिति महिला विंग की 8 मार्च को सामुदायिक भवन, अन्नपूर्णा कालोनी, में महिला दिवस का आयोजन करेगी। जी रविकन्ना ने जानकारी दी कि 8 मार्च को सामुदायिक भवन, अन्नपूर्णा कालोनी में महिला दिवस का आयोजन किस तरह करना है। इसका रूपरेखा तैयार करने के लिए तेलुगू संयुक्त समाज कल्याण समिति, महिला विंग की बैठक किया गया था।

तेलुगू संयुक्त समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष व्ही मधुसूदनराव एवं सचिव जे जगन पटनायक ने कहा महिला दिवस की मुख्य अतिथि महापौर पूजा विधानी होंगी। उत्कृष्ट कार्य करने वाली समाज के महिलाओं का सम्मान किया जाएगा। समाज के बच्चियों एवं महिलाओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम किया जाएगा।

बैठक में तेलुगू संयुक्त समाज कल्याण समिति की वाई दुर्गा, बी लक्ष्मीबाई, जे मीरा, पी वरलक्ष्मी, यू ज्योति, बी लता, एम व्ही लक्ष्मी, वाई लक्ष्मी, जी पुष्पारानी, टी वाणी, ए प्रसन्ना, के रामा, ई हेमा, सी एच पद्मावती, भवानी, ई ईश्वरी, बी ज्योति, जी हेम लता, एम इंद्रजा, जी पद्मा, आर निर्मला, जी कृष्णा, आर अरुणा, के चंद्रकला, धनलक्ष्मी, पी अरुणा, पी लक्ष्मी, वाई धनलक्ष्मी, एस विजया, वाई कृष्णवेणी एवं अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

स्पोर्टर्स न्यूज

## हैंडबॉल में रेलवे की बेटियों ने जीता स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की महिला हैंडबॉल टीम ने उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन और अदम्य आत्मविश्वास का परिचय देते हुए 18वीं अखिल भारतीय अंतर रेलवे हैंडबॉल प्रतियोगिता 2026 का खिताब अपने नाम कर इतिहास रच दिया है।

वाराणसी में आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने दक्षिण मध्य रेलवे को पराजित कर स्वर्ण पदक हासिल किया। फाइनल मैच में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे और दक्षिण मध्य रेलवे के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। मुकाबला अंत तक बेहद रोमांचक बना रहा, लेकिन निर्णायक क्षणों में बेहतर रणनीति और मजबूत मानसिक संतुलन का प्रदर्शन करते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने 32-29 के अंतर से विजय प्राप्त की और स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। इससे पूर्व सेमीफाइनल में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उत्तर पूर्व रेलवे को 28-26 के करीबी स्कोर से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया था। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर महाप्रबंधक, तरुण प्रकाश, अपर महाप्रबंधक विजय कुमार साहू, सेक्रसा के अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, महासचिव हेमेन्द्र कुमार, संयुक्त महासचिव, समीर कांत माथुर, संरक्षक अधिकारी तन्मय माहेश्वरी सहित समस्त सेक्रसा परिवार ने शुभकामनाएं प्रेषित की है।




### निरंतर प्रयास का मिला ऐतिहासिक परिणाम

यह उपलब्धि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे प्रबंधन की खेलों के प्रति दूरदर्शी सोच और सतत प्रयासों का परिणाम है। वर्ष 2021 से खेल को बढ़ावा देने हेतु की गई नई नियुक्तियों तथा खिलाड़ियों को उपलब्ध कराए गए उत्कृष्ट प्रशिक्षण एवं सुविधाओं ने इस सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### 4 वर्षों से उत्कृष्ट प्रदर्शन

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की महिला हैंडबॉल टीम पिछले चार वर्षों से लगातार ऑल इंडिया स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही थी। टीम ने पिछले चार संस्करणों में लगातार चार कांस्य पदक जीतकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई थी। इस वर्ष टीम ने अपने प्रदर्शन को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाते हुए सीधे स्वर्ण पदक जीतकर 'चैंपियन' का ताज अपने नाम किया।

## कान्यकुब्ज प्रीमियर लीग क्रिकेट 24 से

कान्यकुब्ज ब्राम्हण प्रीमियर लीग का आयोजन 24 से 27 फरवरी तक किया जाएगा। इसमें प्रदेश भर की टीम उतर रही है। इस लीग में उद्घाटन मैच रायपुर विरुद्ध बिलासपुर के बीच 24 फरवरी को है।

कान्यकुब्ज ब्राम्हण समाज की टीम महर्षी विश्वामित्र इलेवन के नाम से खेलेगी। इस टीम के 17 खिलाड़ियों के नाम की घोषणा अध्यक्ष अरविन्द दीक्षित एवं सचिव राजेश शुक्ला ने किया है। इन खिलाड़ियों के लिए जर्सी लांचिंग का कार्यक्रम कान्यकुब्ज भवन इमली पारा में आज



हनुमान पाठ के साथ किया गया। जर्सी लांचिंग पार्षद अमित तिवारी एवं राम नारायण तिवारी ने किया। इस अवसर पर संजीव तिवारी, मनोज तिवारी, राजीव अवस्थी, शिवा मिश्रा, चन्द्र प्रदीप बाजपेयी, प्राफेसर राजेश शुक्ला, रमेश पान्डेय, राकेश शुक्ला, अखिलेश शुक्ला, प्रभात मिश्रा, विनोद दीक्षित, धीरज बाजपेयी, अभिषेक मिश्रा, रितेश शुक्ला, गोपाल मिश्रा, दिव्य प्रकाश दुबे, विमलेश बाजपेयी, विनय दीक्षित, प्रशान्त तिवारी, चन्द्र प्रकाश बाजपेयी, विनोद तिवारी, कृष्ण मोहन पांडे आदि लोग उपस्थित रहे।

श्री दीक्षित ने बताया कि टीम में आशीष तिवारी मुक्कु, अमित मिश्र, अभि बाजपेयी, स्वर्णिम तिवारी गुल्लू, प्रमोद शुक्ला विपिन मिश्रा, हनी बाजपेयी, श्रेयांश शुक्ला, आशुतोष तिवारी, अनमोल शुक्ला, अमन शुक्ला, संकल्प तिवारी, मीत तिवारी, अक्षय शुक्ला,अर्णव बाजपेयी, अभिजीत शुक्ला, अभिप्रीत बाजपेयी आदि शामिल हैं।

## डिप्टी सीएम ने किया पत्रिका 'सुपर रेड' का विमोचन

छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ के मार्गदर्शन में प्रकाशित पत्रिका सुपर रेड जिसमें प्रदेश व जिला कबड्डी संघ एवं खिलाड़ियों की जानकारी है, का उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने विमोचन किया। यह प्रदेश की पहली मैगज़ीन है। जिसमें राज्य कबड्डी से जुड़ी संभावनाओं व उपलब्धियों को प्रकाशित किया गया है।

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं खेल मंत्री अरुण साव द्वारा बिलासपुर जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष जीवन मिश्रा व जिला कबड्डी संघ से जुड़े सदस्यों की उपस्थिति में इस पत्रिका क विमोचन किया। श्री साव ने पत्रिका का अवलोकन कर राज्य कबड्डी संघ पर प्रकाशित सुपर रेड पत्रिका की सराहना की और जीवन मिश्रा के नेतृत्व में उपस्थित सभी पदाधिकारियों से मुलाकात की। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ के महासचिव प्रदीप यादव, सहायक संचालक संभागीय शिक्षा जीडी गर्ग, कबड्डी संघ के सदस्य अवध राम चंद्राकर, ओमकार जायसवाल उपस्थित रहे।






# रजनीकांत-कमल हासन की फिल्म 'आरके एक्स केएच' का पोस्टर जारी

**मुंबई।** साउथ के 2 दिग्गज रजनीकांत और कमल हासन एक साथ आने के लिए तैयार हैं। निर्माताओं ने आखिरकार उनकी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'आरके एक्स केएच' का पोस्टर जारी कर दिया है। इसी के साथ प्रोमो रिलीज पर अपडेट दे दिया है। पिंकविला की रिपोर्ट में बताया गया था कि प्रोमो के लिए दोनों ने रेट्रो लुक में शूटिंग की है, जिसका सबूत पोस्टर में देखने को मिला है। इसे 'कूल रेट्रो स्वैग' नाम दिया गया है, जिसे देखने के लिए लोग उतावले हैं। 'आरके एक्स केएच' के पहले पोस्टर में 2 व्यक्तियों के हाथ दिखाए गए हैं। एक ने सोने की चमचमाती हुई घड़ी पहन रखी है, जबकि दूसरे के हाथ में सोने की अंगूठी नजर आ रही है।

## लाइफ Style

# भूमि
## काश मैं सिस्टम का हिस्सा होती



एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने हाल ही में अपनी फिल्म 'द लेडी किलर' की भारी असफलता और उससे जुड़े विवादों पर पहली बार खुलकर बात की है। अर्जुन कपूर संग बनी इस फिल्म को भारतीय सिनेमा की अब तक की सबसे बड़ी फ्लॉप फिल्मों में से एक माना जाता है।

भूमि ने एक इंटरव्यू में बतायो कि फिल्म का जो वर्जन दर्शकों ने देखा, वो अधूरा था। भूमि बोलीं कि इस फिल्म की असफलता ने उन्हें बुरी तरह तोड़ दिया था। मीडिया से बातचीत के दौरान भूमि ने अपनी फिल्म 'द लेडी किलर' की विफलता को याद किया, जो हाल के वर्षों में बॉलीवुड की सबसे बड़ी फ्लॉप फिल्मों में से एक बनकर उभरी। उन्होंने खुलासा किया कि फिल्म का लगभग 35 प्रतिशत हिस्सा कभी शूट ही नहीं किया गया था। हमने जो स्क्रिप्ट पढ़ी थी, वो पूरी थी, लेकिन सेट पर फिल्म को अधूरा छोड़ दिया गया और जो कुछ रिलीज हुआ, वो एक अधूरी फिल्म थी।

***भूमि ने बताया क्यों फ्लॉप हुई फिल्म :*** भूमि बोलीं कि जो फिल्म सिनेमाघरों में पहुंची, वह उस वर्जन से कोसों दूर थी, जिसे कलाकारों ने शुरुआत में साइन किया था। उन्होंने बताया, काश मुझे बेहतर पता होता, शायद अगर मैं सिस्टम का हिस्सा होती तो चीज़ों को अलग तरह से संभाल सकती थी। मैं सदमे में थी। मैं बस यही सोचती रह गई कि आखिर हो क्या रहा है, क्योंकि ऐसा पहले कभी नहीं हुआ था। आखिरकार, मैंने खुद को समझाया कि यह एक सीख थी।

## हॉलीवुड मसाला



# हाउस ऑफ द... का टीजर जारी

**लॉस एंजिल्स।** एचबीओ की सबसे चर्चित वेब सीरीज 'हाउस ऑफ द ड्रैगन' लंबे समय से लोगों का ध्यान खींच रही है। निर्माताओं ने आखिरकार इसके तीसरे सीजन को लेकर बड़ी खुशखबरी साझा कर दी है। पोस्टर के बाद, उन्होंने आधिकारिक टीजर जारी किया है, जिसने आते ही सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया। रैनीरा टार्गेरियन के प्रभावशाली किरदार में, अभिनेत्री एम्मा डी'आर्सी ने दमदार वापसी की है। इसके अलावा, आयरन थ्रोन के लिए चल रहे युद्ध की पहली झलक दिखाई गई है।



# साउथ एशियन सेलिब्रेशन में चमकी 'बूंग' और 'द परफेक्ट नेबर'

लंदन स्थित ब्रिटिश एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन आर्ट्स (**BAFTA**) मुख्यालय में आयोजित 'सेलिब्रेटिंग साउथ एशियंस' कार्यक्रम में डेब्यू डायरेक्टर लक्ष्मीप्रिया देवी की फिल्म 'बूंग' और भारतीय-अमेरिकी डायरेक्टर गीता गांधबीर की डॉक्यूमेंट्री 'द परफेक्ट नेबर' ने खूब तालियां बटोरी। मणिपुरी कॉमेडी-ड्रामा 'बूंग' को फरहान अख्तर के बैनर एक्सेल एंटरटेनमेंट के समर्थन में बनाया गया है। ये मूवी बाफ्टा अवॉड्र्स के बेस्ट चिल्ड्रन एंड फैमिली फिल्म कैटेगरी में नॉमिनेट हुई है। फिल्म की टीम की ओर से असिस्टेंट डायरेक्टर राहुल शारदा ने कहा, 'भारत की क्षेत्रीय फिल्मों को ग्लोबल मंच पर पहचान मिलना बहुत गर्व की बात है। भारत सिर्फ नाच-गाने वाली बॉलीवुड फिल्मों तक सीमित नहीं है, हमारी सांस्कृतिक विविधता बहुत बड़ी है।'



# 'लोका चैप्टर-2' को लेकर झूम उठेंगे फैंस

**मुंबई।** साउथ अभिनेत्री कल्याणी प्रियदर्शन की चर्चित फिल्म 'लोका चैप्टर 1- चंद्रा' की अपार सफलता के बाद फैंस इसके सीक्वल का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। ऐसा इसलिए भी क्योंकि फिल्म के क्लाइमैक्स में दुलकर सलमान के कैमियो ने एक बड़ा सस्पेंस छोड़ा था जिसके बारे में जानने के लिए लोग उतावले हो रखे हैं। सलमान के प्रोडक्शन हाउस, वेफरर फिल्म्स के बैनर तले बनी इस फिल्म के सीक्वल पर अब खुद कल्याणी ने बड़ा अपडेट साझा किया है। मनी कंट्रोल के मुताबिक, कल्याणी ने 'लोका चैप्टर 2' पर एक अहम अपडेट साझा करते हुए पुष्टि की है कि उनका किरदार सीक्वल में वापसी करेगा। नक्षत्र, 2026 कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा, 'लोका चैप्टर 2' की कहानी शुरू हो चुकी है। हम सितंबर, 2026 तक शूटिंग शुरू करने की योजना बना रहे हैं।



# शिल्पा-जैकी 26 साल बाद फिर एक साथ

**मुंबई।** शिल्पा शेट्टी और जैकी श्रॉफ की जोड़ी पूरे 26 साल बाद पर्दे पर वापसी कर रही है। ये दोनों कलाकार अमेजन प्राइम वीडियो की एक नई वेब सीरीज के लिए साथ आए हैं। आखिरी बार इन्हें 26 साल पहले पर्दे पर साथ देखा गया था, इसलिए दशकों बाद इनके नए प्रोजेक्ट ने दर्शकों को काफी उत्साहित कर दिया है। शिल्पा और जैकी के साथ-साथ उनके प्रशंसक भी इस सीरीज को लेकर बेहद उत्साहित हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, शिल्पा और जैकी की जोड़ी पर्दे पर धमाल मचाने को तैयार है। दोनों अमेजन प्राइम वीडियो की एक वेब सीरीज के लिए बातचीत कर रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि ये 8 कड़ियों की एक 'स्लाइस-ऑफ-लाइफ' ड्रामा सीरीज होगी, जो शहरी रिश्तों और जीवन में मिलने वाले दूसरे मौकों की कहानी बयां करेगी।

## टीवी मसाला



# द 50 शो से बाहर आते ही शिव ठाकरे के बिगड़े बोल, कहा- वहां हम जानवरों से...

**मुंबई।** रियलिटी शो द 50 शो इन दिनों जमकर सुर्खियां बटोर रहा है. कई रिपोर्ट्स की मानें, तो अगले महीने इस शो का ग्रैंड फिनाले होगा। वहीं, शो के विनर का भी नाम सामने आ चुका है। कहा जा रहा है कि शिव ठाकरे इस बार ट्रॉफी अपने नाम करेंगे। वहीं, इस बीच सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें शिव और प्रिंस नरूला साथ नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में महल से बाहर आने के बाद यह दोनों अपना शो में एक्सपीरियंस शेयर कर रहे हैं. चलिए जानते हैं आखिर इन कंटेस्टेंट्स से शो को लेकर क्या-क्या कहा।

***क्या सच में शो से बाहर आ गए हैं शिव-प्रिंस? :*** सोशल मीडिया पर वायरल क्लिप में शिव कहते हैं कि शो के दौरान वह "कुछ जानवरों" से मिले। हालांकि उनका अंदाज पूरी तरह मजाकिया दिख रहा था, लेकिन इस एक लाइन ने सोशल मीडिया पर बहस छेड़ दी। प्रिंस नरूला भी बातचीत में शामिल होते हुए कहते हैं कि शो से बाहर आने के बाद उन्हें लग रहा है कि अंदर का समय काफी अच्छा था। दोनों ने यह भी माना कि उन्होंने गेम से ज्यादा मस्ती की और शो को एंजॉय किया।

***प्रिंस नरूला ने शो के बारे में क्या-क्या बताया? :*** जब पैपराजी ने उनसे पूछा कि क्या शो में झगड़े ज्यादा होते थे, तो शिव ने साफ कहा कि उन्हें लड़ाई-झगड़ा पसंद नहीं है। उनका कहना था कि जहां भी विवाद होता था, वे उस जगह से हट जाना बेहतर समझते थे। उन्होंने बताया कि शो के दौरान वे और प्रिंस अक्सर तनाव से दूर रहकर फन मोमेंट्स पर ज्यादा ध्यान देते थे।

# सलमान, आमिर के बाद अर्नब गोस्वामी बन सुनील ग्रोवर ने लूट ली महफिल

**मुंबई।** हाल ही में टीवी के सबसे चर्चित कॉमेडी शो द ग्रेट इंडियन कपिल शो में में फिल्म 'ओ'रोमियो' की स्टार कास्ट पहुंची। इस खास एपिसोड में



फिल्म मेकर विशाल भारद्वाज भी मौजूद थे लेकिन हर बार की तरह इस बार भी असली महफिल सुनील ग्रोवर ने लूट ली। उनकी एंट्री और अंदाज ने दर्शकों को हंसी से लोटपोट कर दिया। कभी सलमान खान का दबंग स्टाइल, कभी आमिर की परफेक्शन वाली झलक, हर बार नए अवतार में नजर आने वाले सुनील ग्रोवर ने इस बार मशहूर न्यूज एंकर अर्नब गोस्वामी की पैरोडी की, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और फैंस तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। सुनील ने अपने सेगमेंट का नाम 'मुद्दा गर्म' रखा, जहां उन्होंने अपनी कॉमेडी से सभी को हंसने पर मजबूर किया। इस दौरान सुनील कहते हैं कि ' हमारी डिबेट में सबसे जरूरी है बोलना, लेकिन क्या बोलना है, ये मायने नहीं रखता।"

# 'टॉक्सिक' में गैंगस्टर बनकर लौटे यश दुश्मनों पर पड़े भारी

**मुंबई।** 2026 की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शामिल 'टॉक्सिक : ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन-अप्स' का धमाकेदार टीजर जारी हो गया है। केजीएफ 2' की ऐतिहासिक सफलता के बाद, यश की इस फिल्म से फैंस को बेशुमार उम्मीदें हैं और अब इसके टीजर ने उन उम्मीदों को और बढ़ा दिया है। केवीएन प्रोडक्शन द्वारा निर्मित और गीतु मोहनदार द्वारा निर्देशित 'टॉक्सिक' में अभिनेता का दलेर अवतार दिखाई दिया है, जो लोगों के होश उड़ाने के लिए काफी है।




## यश का एक्शन सीक्वेंस देख हिल जाएगा दिमाग

'टॉक्सिक' का टीजर 1 मिनट 55 सेकंड लंबा है जिसकी शुरुआत यश से होती है। बैकग्राउंड में आवाज आती है, 'इस बार जंग अलग है। उनकी मक्कारी भी अलग है। सबसे टकराना भारी पड़ेगा। यश अपने दुश्मनों पर भारी पड़ते दिखते हैं। इसमें एक्शन, मारधाड़ और खून-खराबा उच्च स्तर पर दिखाई देता है। कुछ दृश्य रूह कंपाने जैसे हैं। 19 मार्च को रिलीज हो रही फिल्म में कियारा आडवाणी, नयनतारा, तारा सुतारिया, हुमा कुरैशी जैसे सितारे हैं।

# 'द ब्लफ' से पहले समुद्री डाकुओं पर बनीं हैं ये फिल्में



**मुंबई।** प्रियंका चोपड़ा अपनी चर्चित फिल्म 'द ब्लफ' के जरिए फिर पूरी दुनिया का दिल जीतने आ रही हैं। 25 फरवरी, 2026 को यह अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक देने के लिए तैयार है। फिल्म में अभिनेत्री का समुद्री डाकू के रूप में दमदार अवतार देखने के लिए फैंस काफी उत्साहित हैं। इसी विषय से संबंधित कुछ शीर्ष रेटिंग वाली फिल्में पिछले सालों में रिलीज हुई हैं, जिनका लुत्फ उठाकर समुद्री डाकुओं की रोमांचक दुनिया का दीदार किया जा सकता है।

# तापसी पन्नू को मृणाल ठाकुर ने दी पटखनी 'अस्सी' से आगे निकली 'दो दीवाने शहर में'

***मुंबई।*** *बॉलीवुड के लिए ये शुक्रवार बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद के मुताबिक साबित नहीं हुआ। तापसी पन्नू की 'अस्सी', जिसे समीक्षकों से तो सराहना मिली, लेकिन दर्शकों को खींचने में ये फिल्म पहले दिन पूरी तरह विफल रही, वहीं युवाओं के बीच चर्चा बटोर रही मृणाल ठाकुर और सिद्धांत चतुर्वेदी की 'दो दीवाने शहर में' ने भी बॉक्स ऑफिस पर बेहद ठंडी शुरुआत की है। हालांकि, 'दो दीवाने शहर में' की पहले दिन की कमाई ने 'अस्सी' को पछाड़ दिया है।*



***दर्शकों की तारीफ पर टिका फिल्म का भविष्य :*** *फिल्म समीक्षकों और ट्रेड पंडितों का स्पष्ट मानना है कि 'अस्सी' जैसी गंभीर और विषय-प्रधान फिल्मों का भविष्य पूरी तरह से 'वर्ड ऑफ माउथ' यानी दर्शकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया पर निर्भर करता है। पहले दिन की सुस्त शुरुआत के बाद फिल्म के पास संभलने के लिए अब केवल वीकेंड का ही सहारा है। अब अगर शनिवार और रविवार को फिल्म की कमाई में बढ़िया उछाल नहीं आता तो सोमवार से फिल्म का बॉक्स ऑफिस पर टिक पाना नामुमकिन हो जाएगा।*

## 1 करोड़ का आंकड़ा भी पार ना कर पाई 'अस्सी'

रिपोर्ट के मुताबिक, 'अस्सी' ने अपने पहले दिन देशभर में मात्र 1 करोड़ रुपये कमाए। ये आंकड़ा इसलिए भी चिंताजनक है क्योंकि इस साल आई यामी गौतम की महिला केंद्रित की छोटे बजट की फिल्म 'हक' भी कमाई के मामले में इससे आगे रही।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक कोनी तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**ज्ञापन**

क्रमांक/कार्यालय/रा.नि./क्यू./2023
कोनी दिनांक 12/02/2026

1 सुशील कुमार छाबड़ा पि प्रीतमलाल छाबड़ा 2 रमेश साहू पिता सुन्दरलाल साहू 3 महेश साहू पिता बनवारी साहू 4 राजकुमार द्विवेदी पिता रामधन द्विवेदी 5 कृष्ण कुमार द्विवेदी पिता रामधन द्विवेदी 6 दौलतराम वस्त्रकार पिता विश्राम वस्त्रकार 7 पुन्नीदास बैरागी पिता रामजी दास बैरागी, रोज मेरी पति एस.डी. इलिस

विषय :- सीमाकंन में उपस्थित होने बावत सूचना पत्र।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि ग्राम. कोनी प.ह.न. 23 राजस्व निरीक्षक मंडल कोनी तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूखण्ड खसरा नंबर 284/1 रकबा क्रमशः 0.0930 हे. के सीमाकंन हेतु छ.ग. भू-राजस्व सहिता 1959 की धारा 129 के तहत तहसीलदार बिलासपुर के न्यायालय में अबिदन पत्र प्रस्तुत किया है।

संदर्भित आदेश के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमाकन दिनांक 23/02/2026 को समय 11.00 से 5.00 बजे के किया जाना है अतः आप दस्तावेज सहित नियत तिथि एवं समय में उपस्थित रहे। उक्त समय पश्चात की गई आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

राजस्व निरीक्षक
कोनी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल अमसेना तहसील सकरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**// सूचना //**

क्रमांक/क/रार.नि./अमसेना
दिनांक: 20/02/2026

प्रति,
1. जोहन लाल केंवट 2. श्री ग्रुप ऑफ कंपनी पार्टनर नरेन्द्र सिंह वर्मा पिता राजेन्द्र वर्मा 3. लखनलाल पिता मंगल प्रसाद 4. कन्हैया पिता मंगल प्रसाद 5. सुखसागर पिता मंगल प्रसाद 7.कलेश्वरी पति रामचरण 8.अन्य हितबद्ध पक्षकार ख.नं.120, 128, 129, 132, 169, 168, 170 ।

**विषय:** सीमांकन / मौका जाँच / नक्साबटाकन के समय उपस्थित रहने बावत!

**सन्दर्भ:** न्यायालय नायब तह.उपतहसील सकर्रा / क्रमांक /क/ना.तह./रीडर/2026 दिनांक: 19/02/2026

ग्राम बेलमुण्डी प.ह.नं. 38, रा.नि.मं. अमसेना तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) आवेदक कन्हैया लाल कौशिक पिता एम.पी.कौशिक के द्वारा खसरा नंबर 130/3 रकबा 0.214 हे. के - सीमांकन /मौका /जाँच / नक्साबटांकन हेतु तहसीलदार/ नायब तहसीलदार/ के न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया था उपरोक्त संदर्भित ज्ञापन के परिपालन में- सीमाकन/ मौका जाँच/ नक्साबटाकन की कार्यवाही दिनांक 25/02/2026 और समय 12:00 pm को किया जायेगा अतः आप भूमि सम्बन्धी दस्तावेज सहित नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित हो बाद में आपति स्वीकार नहीं किया जायेगा।

**टीप-** विशेष परिस्थिति में समय और दिनांक परिवर्तनशील होंगे।

राजस्व निरीक्षक
तहसील सकरी जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल अमसेना तहसील सकरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**// सूचना //**

क्रमांक/क/रार.नि./अमसेना
दिनांक: 20/02/2026

प्रति,
1. जोहन लाल केंवट 2. श्री ग्रुप ऑफ कंपनी पार्टनर नरेन्द्र सिंह वर्मा पिता राजेन्द्र वर्मा 3. लखनलाल पिता मंगल प्रसाद 4. कन्हैया पिता मंगल 5. सुखसागर पिता मंगल 6.कलेश्वरी पति रामचरण 8.अन्य हितबद्ध पक्षकार ख.नं. 120, 128, 129, 132, 169, 168, 170

**विषय:** सीमांकन / मौका जाँच / नक्साबटाकन के समय उपस्थित रहने बावत!

**सन्दर्भ:** न्यायालय नायब तह.उपतहसील सकर्रा क्रमांक/क/ना.तह./रीडर/2026 दिनांक: 19/02/2026

ग्राम बेलमुण्डी प.ह.नं.38, रा.नि.मं. अमसेना तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) आवेदक सुख सागर कौशिक पिता मंगल प्रसाद कौशिक के द्वारा खसरा नंबर 130/5 रकबा 0.220 हे. के सीमांकन /मौका /जाँच / नक्साबटांकन हेतु तहसीलदार/ नायब तहसीलदार/ के न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया था उपरोक्त संदर्भित ज्ञापन के परिपालन में- सीमाकन/ मौका जाँच/ नक्साबटाकन की कार्यवाही दिनांक 25/02/2026 और समय 12:00 pm को किया जायेगा। अतः आप भूमि सम्बन्धी दस्तावेज सहित नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित हो बाद में आपति स्वीकार नहीं किया जायेगा।

**टीप-** विशेष परिस्थिति में समय और दिनांक परिवर्तनशील होंगे।

राजस्व निरीक्षक
तहसील सकरी जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार मुंगेली, जिला-मुंगेली (छ.ग.)**
**//ईश्तहार//**

रा.प्र.क्र. 202602250200036/अ-6/2025-26
ग्राम-देवरी प.ह.नं.-22

एतद् द्वारा ग्राम देवरी के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रसप्रीत कौर छाबड़ा पिता/पति गुरविंदर सिंह छाबड़ा जाति सिक्ख निवासी हीरालाल वार्ड मुंगेली, तह. व जिला- मुंगेली, के द्वारा ग्राम देवरी प.ह.नं. - 22 स्थित भूमि ख. नं. 279/2 रकबा 1.203 हे. का पंजीकृत बैनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु संहिता की धारा 109, 110 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किय है।

उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार का कोई भी दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अभिभाषक या प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 02/03/2026 को समय 11.00 बजे दिन को तहसील कार्यालय मुंगेली में दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार
मुंगेली

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल बोदरी तहसील बोदरी जिला बिलासपुर छ.ग.**
**सीमांकन/मौका जांच के समय उपस्थित होने हेतू सूचना पत्र**

प्रति, आवेदक/आवेदिका ईश्वर कौशिक आवेदक के बत्ताये अनुसार समीपी भूस्वामी 1 उत्तरा कुमार पि. सुदरलाल 2 मनोहर पि वासराम 3 भानसिंह वर्मा पिता स्व. लतेल वर्मा 4 बूटिया वर्मा 6 राजकुमार कौशिक पि स्व रूपलाल 7 राजकुमार वर्मा पिता मूघराम 8 कुंवर सिंह पि स्व. लतेल 9 भारत केंवट पि स्व. बुद्धु केवट अन्य हितबद्ध भूमिस्वामी ग्राम कोटवार

विषय :- सीमांकन / मौका जांच के समय उपस्थित होने हेतू सूचना के संबंध में।

संदर्भ :- न्याया.ना. तह. बोदरी के ज्ञापन क्रमांक/क/ ना. तह./वा/2025 बोदरी दिनांक 16.01.25

उपरोक्त विषयांतर्गत आवेदक आवेदिका ईश्वर कौशिक पिता/पति राम सिंह कौशिक जाति कुर्मी निवासी चकरभाठा द्वारा आवेदित्त भूमि ग्राम बोदरी प.ह.न. 01 रा.नि.म. व तहसील बोदरी जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं.239, 240/10, 275/4 म.न. 06 रकबा 0.733, 0.0360, 0.930 एकड के संबंध में प्रस्तुत आवेदन पर/सीमांकन किये हेतू न्याया. नाय. तहसीलदार बोदरी में छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 129 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित पत्र के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन / मौका जांच दिनांक 24/03/26 को 12.00 बजे को किया जाना है। अतः आप उक्त समय पर अपने समस्त कागजात के साथ मौके पर उपस्थित रहे। उक्त समय पश्चात की गई आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

रा.नि. बोदरी
तहसील बोदरी जिला बिलासपुर

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोडों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### साईं मंदिर स्थापना दिवस पर पालकी यात्रा आज

**सीपत।** सीपत में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी साईं बाबा के भक्तों में अपार उत्साह देखा जा रहा है। साईं मंदिर के 13वें स्थापना दिवस के पावन अवसर पर 22 फरवरी रविवार को



भव्य साईं पालकी यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन पूरे नगर में भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत वातावरण निर्मित करेगा। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजा-अर्चना के साथ प्रातः 9:30 बजे साईं मंदिर से होगी। पालकी यात्रा का शुभारंभ सरपंच मनीषा योगेश वंशकार, पूर्व जिला पंचायत सदस्य डॉ सनत मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र धीवर द्वारा किया जाएगा। भक्ति गीतों, बाजे गाजे और साईं बाबा के जयकारों के बीच पालकी यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरेगी। यह यात्रा साईं मंदिर से प्रारंभ होकर गुप्ता मोहल्ला, सेठबाड़ा, राम मंदिर, मातेश्वरी मंदिर, तेली-धीवर पारा और बजरंग मंदिर होते हुए वापस साईं मंदिर परिसर पहुंचेगी। पूरे मार्ग में श्रद्धालु पालकी का स्वागत पुष्पवर्षा और आरती के साथ करेंगे। पालकी यात्रा के समापन के पश्चात मंदिर परिसर में भव्य महारती का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु एक साथ साईं बाबा की आराधना करेंगे। इसके बाद भंडारे का आयोजन होगा, जिसमें सभी श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद की व्यवस्था की गई है।

### सोनकर कॉलेज के संस्थापक संतुलाल का सम्मान



**मुंगेली।** प्रयास प्रकाशन साहित्य अकादमी एवं शासकीय जेपी वर्मा कला एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षाविद, संस्कृतिधर्मी एवं समाज सेवा में उल्लेखनीय योगदान के लिए सोनकर कॉलेज मुंगेली के संस्थापक सन्तुलाल सोनकर को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अटल बिहारी वाजपेयी विवि बिलासपुर के कुलपति एडीएन वाजपेयी उपस्थित रहे। श्री वाजपेयी ने श्री सोनकर को अंगवस्त्र, प्रमाण-पत्र, पुष्प गुच्छ एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया। नवनीत मानस समिति पुरान के संयोजक विष्णु कुमार तिवारी ने श्री सोनकर के संस्कृति एवं धार्मिक अवदान को प्रस्तुत किया। इस अवसर पर अध्यक्ष डॉ विनय कुमार पाठक, विशिष्ट अतिथि आचार्य देवेंद्र देव महाकवि बरेली उप्र, डॉ श्याम लाल निराला प्राचार्य, महेश शर्मा, राष्ट्रीय महामंत्री राष्ट्रीय कवि संगम के विशेष आतिथ्य में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष प्रयास प्रकाशन डॉ राघवेंद्र दुबे एवं बाल मुकुंद श्रीवास ने किया एवं जबकि आभार प्रदर्शन और स्वागत भाषण कवि संगम बिलासपुर के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अंजनी कुमार तिवारी ने प्रस्तुत किया।

### चलती कार में लगी आग, लोगों ने कूदकर बचाई जान



**लोरमी।** चंदियाभांटा नहर रोड पर चलती कार में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। वाहन चालक सहित कार सवार अनेय लोगों ने वाहन से कूदकर जान बचाई। जानकारी के अनुसार 20 फरवरी दोपहर 12.30 बजे बिजराकछार में आयोजित जनचौपाल कार्यक्रम में शामिल होने कुछ लोग कार सवार होकर जा रहे थे। इसी दौरान चंदियाभांठा नहर मार्ग पर अखरार के पास अज्ञात कारणों अचानक कार में आग लग गई। हड़बड़ाए वाहन चालक एवं कार में सवार लोगों ने कार से कूदकर अपनी जान बचाई। आग इतनी तेज थी, कार कुछ ही समय में जलकर राख हो गई। वाहन में आग कैसे लगी यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया। बताया जा रहा है कि वह एसयूवी कार जिस बीजेपी नेता की है, वह घटना के समय कार में सवार नहीं थे। घटना की जानकारी संबंधित पुलिस चौकी में दी गई।

## निधन

### विनोद कौशिक



**बिलासपुर।** ग्राम पोड़ी निवासी विनोद कौशिक उर्फ पप्पू का 20 फरवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 21 फरवरी को उनके गृह ग्राम में किया गया। उनके अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### घासीराम देवांगन



**बिलासपुर।** एनटीपीसी के ग्राम कौड़िया निवासी घासीराम देवांगन का आज निधन हो गया। वे 91 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम में किया गया। वे राजेंद्र, राजेश, राजू, संध्या, राजेश्वरी एवं राजकुमारी के पिता थे।

### पंतुला नागेश्वर राव



**बिलासपुर।** डीपूपारा तालाब तोरवा निवासी (रिटयर्ड एसई) पंतुला नागेश्वर राव का 21 फरवरी को निधन हो गया। वे 64 वर्ष के थे। उनकी अंतिम यात्रा 22 फरवरी को दोपहर 1 बजे उनके निवास से तोरवा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे इंदिरा रमणी के पति, शिरिष, हरीशव श्रीकांत के पिता थे।

### राजेश दीक्षित



**बिलासपुर।** इंदिरा सेतु के पास तिलक नगर निवासी राजेश दीक्षित का शनिवार को निधन हो गया। वे 68 वर्ष के थे। उनकी अंतिम यात्रा रविवार 22 फरवरी को उनके निवास से सुबह 10 बजे सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे स्व. पं शारदा प्रसाद दीक्षित के पुत्र एवं नम्रता दीक्षित के पति, तुषार, पार्थ तन्मय के पिता थे।

### विकास कार्यों के लिए 40 लाख की घोषणा

# वनगांव में जनचौपाल, साव ने की ग्रामीणों से चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी



उपमुख्यमंत्री अरुण साव शनिवार को लोरमी क्षेत्र के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के जन्मदिवस के अवसर पर वनगांव बिजराकछार में जनचौपाल लगाकर ग्रामीणों से आत्मीय चर्चा की। उन्होंने जनचौपाल में 8 ग्राम पंचायतों के लगभग गांव के लोगों से मुलाकात कर मूलभूत संबंधी समस्याएं सुनी और उसके निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने 40 लाख रुपए के विकास कार्यों की घोषणा की।

उपमुख्यमंत्री साव ने बिजराकछार में दो सीसी रोड निर्माण के लिए 10 लाख रुपए तथा निवासखार, महामाई, सुरही, बोईहा, झिरिया और खुड़िया में विकास कार्यों के लिए 5-5 लाख रुपए की घोषणा की। उन्होंने बताया कि, बिजराकछार में बिजली पहुंचाने अधीक्षण अभियंता को बिजली लाइन बिछाने के लिए निर्देशित किया। सर्वे कराकर कार्य शीघ्र शुरू किया जाएगा। बिजली के लिए सोलर लाइट की व्यवस्था की है, क्षेत्र में टॉवर लगाया है। नेटवर्क के लिए और टावर लगाया जाएगा इस दौरान श्री साव ने वन विभाग के बीट गार्ड को टॉर्च का वितरण किया। वहीं गर्मी में जंगल के सूखे पत्ते को नहीं जलाने की अपील की। अरुण साव ने वनगांव बिजराकछार में आयोजित जनचौपाल के बाद ग्रामीणों के साथ आत्मीय समय बिताया। खुले आसमान और प्रकृति की गोद में सबके साथ संवाद और स्नेह का सुखद अनुभव रहा। इस दौरान उन्होंने हरियाली से घिरे सुंदर वातावरण में वनभोज का आनंद लिया।

**भगवान महादेव की पूजा-अर्चना-** उप मुख्यमंत्री ने खुड़िया पथर्रीपारा में श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ भगवान महादेव की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने भोलेनाथ से क्षेत्र में सुख, शांति, समृद्धि और मंगलमय जीवन की प्रार्थना की। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष वर्षा विक्रम सिंह, जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, नपा सुजीत वर्मा, कोमल गिरी गोस्वामी, गुरमीत सलूजा, विनय साहू, मंडल अध्यक्ष, सुशील यादव, दिनेश कश्यप, लेखराज ठाकुर, राजेंद्र साहू, संदीप सोनी, सरपंच रामकुमार आर्मो, सरपंच अमर सिंह धुर्वे, सरपंच विनोद मसराम, सरपंच शिवराम पंद्राम, बिजराकछार सरपंच मोतीलाल बैगा, जनपद सदस्य रूखमणि रमेश बिंझवार, सरस्वती सुरेंद्र मरावी, जिला पंचायत सभापति अनिता कोमल साहू, सभापति समुंद विवेक सिंड्राम, जनपद उपाध्यक्ष राजेंद्र साहू सहित जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## बिजली विभाग का बड़ा एक्शन काटे गए 103 कनेक्शन



**सीपत।** बिजली बिल बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ बिजली विभाग ने सीपत गांव में अब तक की सबसे बड़ी और सख्त कार्रवाई करते हुए 103 उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काट दिए। यह कार्रवाई कुल 27 लाख 56 हजार 388 रुपये की लंबित बकाया राशि की वसूली के लिए की गई। विभाग की इस व्यापक कार्रवाई से बकायादारों में हड़कंप मच गया है, और कई उपभोक्ता अब बकाया राशि जमा करने के लिए विभाग के संपर्क में आने लगे हैं। बिजली विभाग द्वारा गठित 60 सदस्यीय 6 विशेष टीमों ने सीपत गांव के विभिन्न वार्डों और मोहल्लों में एक साथ अभियान चलाया। जिन उपभोक्ताओं ने लंबे समय से बिजली बिल जमा नहीं किया था, उनके कनेक्शन मौके पर ही काट दिए गए। विभाग ने स्पष्ट किया है कि, यह कार्रवाई नियमों के तहत की गई है और इसका उद्देश्य बकाया राशि की वसूली के साथ-साथ बिजली व्यवस्था को व्यवस्थित करना है।

**बिजली चोरी करने वालों पर भी कार्रवाई-** कार्रवाई के दौरान विभाग को यह भी जानकारी मिली कि, कुछ उपभोक्ता कनेक्शन कटने के बाद भी चोरी-छिपे बिजली का उपयोग कर रहे थे। ऐसे 20 उपभोक्ताओं के खिलाफ विद्युत अधिनियम के तहत जांच कर नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है, जिससे भविष्य में बिजली चोरी पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

**आगे भी लगातार जारी रहेगा अभियान-** सहायक यंत्री कौशल कुमार जायसवाल ने सख्त संदेश देते हुए कहा कि बिजली विभाग द्वारा बकाया राशि वसूली अभियान पूरी गंभीरता और पारदर्शिता के साथ चलाया जा रहा है।

## कर्मचारी संघ के अभिनंदन सम्मेलन में हुए शामिल



**लोरमी।** उपमुख्यमंत्री अरुण साव साहू भवन में छत्तीसगढ़ लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ के जिला स्तरीय कर्मचारी एवं अभिनंदन सम्मेलन में शामिल हुए। इस मौके पर श्री साव ने संघ के भवन निर्माण के लिए 15 लाख रुपए की घोषणा कर कर्मचारियों को बड़ी सौगात दी। इस अवसर पर श्री साव ने कर्मचारियों से कहा कि, हम सब पहले छत्तीसगढ़ महतारी के बेटे हैं, बाद में कर्मचारी। कार्यालय की गरिमा और अनुशासन बनाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है, क्योंकि शासकीय सेवा से ही हमारे परिवार का पालन-पोषण होता है। उन्होंने कहा, साय सरकार अधिकारियों-कर्मचारियों के अधिकार समय पर देने के लिए समर्पित है। उन्होंने बताया कि, सरकार ने अनुकंपा, पदोन्नति, तीसरा रिक्त पदों की पूर्ति की है। कांग्रेस सरकार में अनुकंपा नियुक्ति अटकी थी, लेकिन हमारी सरकार ने 358 पदों में से ज्यादातर पदों पर भर्ती की है। लोक निर्माण विभाग में सभी पदों में पदोन्नति हुई। कर्मचारियों ने जताया आभार- अरुण साव के आश्वासन के बाद कर्मचारियों का पैदल मार्च को निरस्त किया। और कुछ दिनों में ही कर्मचारियों का लंबित वेतन भुगतान पूर्ण हो गया है। पांच दिवंगत कर्मचारी को साथ ही 1 लाख रुपए अनुकंपा राशि के रूप में प्रदान की गई। इसके लिए कर्मचारियों ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव का आभार जताया। इस अवसर पर कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष बिंदेश्वर रौतिया, जिला अध्यक्ष कामता साहु, महामंत्री वीरू राजपूत, लक्ष्मण मरावी, नवल प्रजापति, भागवत साहू, नरोत्तम यादव, लक्ष्मीनारायण, कामता जायसवाल, राजेश साहू एवं संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## पुल निर्माण की धीमी गति पर भड़के



**लोरमी।** उप मुख्यमंत्री एवं स्थानीय विधायक अरुण साव ने शनिवार को लोरमी प्रवास के दौरान ग्राम कारीडोंगरी एवं दरवाजा के बीच मनियारी नदी पर निर्माणाधीन पुल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान श्री साव ने पुल निर्माण की धीमी गति पर कड़े शब्दों में नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि, अब तक पुल का निर्माण पूर्ण हो जाना चाहिए था, लेकिन नहीं हुआ है। समय सीमा से काफी पीछे हैं। कम मजदूरों से समय पर काम पूर्ण कैसे होगा। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारी से कहा कि, बारिश के पूर्व पुल का निर्माण किसी भी स्थिति में पूरा हो जाना चाहिए, क्योंकि वनांचल के ग्रामीणों को बारिश में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। पुल नहीं होने से ग्रामीणों का संपर्क कट जाता है। उन्होंने अधिकारी से कहा, धीमी गति से निर्माण पर ठेकेदार की सिर्फ नोटिस से काम नहीं चलेगा, पेनाल्टी की आवश्यकता हो तो वो भी लगाएं। श्री साव ने कहा, यह बहुप्रतीक्षित पुल बन जाने से बड़ी राहत मिलेगी, इसके निर्माण में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

## विधायक मरपच्ची ने किया सोनोग्राफी केंद्र का शुभारंभ



**गौरेला।** स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ एवं सुलभ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मरवाही में विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची ने शुक्रवार को सोनोग्राफी जांच केंद्र का फीता काटकर एवं पूजा-अर्चना के साथ शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ हर्षवर्धन मेहर को सोनोग्राफी लाइसेंस भी प्रदान किया। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के मार्गदर्शन एवं कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी के प्रयासों से सोनोग्राफी केंद्र के प्रारंभ होने से क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं को अब स्थानीय स्तर पर ही जांच सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे उन्हें जिला मुख्यालय जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी और समय व खर्च दोनों की बचत होगी। उद्घाटन अवसर पर चिकित्सा अधिकारी डॉ अनुराधा विश्वास ने 6 गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी जांच कर रिपोर्ट प्रदान की। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ रामेश्वर शर्मा ने कहा कि, यह सोनोग्राफी सुविधा गर्भवती महिलाओं के समय पर परीक्षण में सहायक होगी तथा मातृ मृत्यु दर को कम करने में मील का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम प्रबंधक विभा टोप्पो, जेपी सिंह, अरविंद कुमार, संतोष सोनी, नरेश्वर दास, सीपी गढ़ेवाल, अंबर जायसवाल सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## 10वीं बोर्ड परीक्षा: कलेक्टर ने किया केंद्र का निरीक्षण



**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की हाईस्कूल 10वीं बोर्ड परीक्षा शनिवार 21 फरवरी से प्रारंभ हो गई। परीक्षा में 10 हजार 673 परीक्षार्थी शामिल हुए, वहीं 350 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिले में परीक्षा शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष वातावरण में संपन्न हो, इसके लिए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। इसी कड़ी में कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जिला मुख्यालय स्थित बीआर साव स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम स्कूल परीक्षा केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने परीक्षा कक्षों में जाकर बैठने की व्यवस्था, प्रश्न पत्र वितरण, पर्यवेक्षकों की तैनाती एवं सुरक्षा इंतजामों की जानकारी ली।

**नकल प्रकरण को लेकर सख्त निर्देश-** कलेक्टर ने विशेष रूप से नकल प्रकरण को लेकर शिक्षकों और केंद्राध्यक्ष को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि, परीक्षा की पवित्रता बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। किसी भी प्रकार की नकल या अनुचित साधनों के प्रयोग को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही पाई गई तो संबंधितों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने उपस्थित शिक्षकों से कहा कि, वे परीक्षा के दौरान सतर्कता बरतें और प्रत्येक विद्यार्थी पर निगरानी रखें। उन्होंने परीक्षा केंद्र में बाहरी व्यक्तियों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित करने का आदेश दिया।

**विद्यार्थियों से किया संवाद-** कलेक्टर ने परीक्षा दे रहे विद्यार्थियों से संवाद किया। उन्होंने बच्चों को परीक्षा को लेकर तनावमुक्त रहने की सलाह देते हुए कहा कि, घबराने की आवश्यकता नहीं है। शांत दिमाग और आत्मविश्वास के साथ प्रश्नों को पढ़कर उत्तर लिखें। मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा- कलेक्टर ने केंद्र में पेयजल, प्रकाश, स्वच्छता और अन्य मूलभूत सुविधाओं की भी समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देशित किया कि, किसी भी प्रकार की अव्यवस्था की स्थिति में तत्काल समाधान सुनिश्चित किया जाए। जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा अवधि के दौरान सतत निगरानी रखने की बात भी कही गई। इस अवसर पर संबंधित विभाग के अधिकारी, केंद्राध्यक्ष एवं विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर के साथ मुंगेली एसडीएम अजय शतरंज सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## फूड इंस्पेक्टर से परेशान थे अंचल के व्यापारी, शिकायतों का अंबार

**बिलासपुर।** जिस फूड इंस्पेक्टर को 90 हजार रूपए की घूस लेते हुए पकड़ा गया है, उसके खिलाफ तखतपुर क्षेत्र में राशन दुकान संचालकों ने अवैध वसूली की अनेक शिकायतें थीं। व्यापारियों ने आरोप लगाया था कि, एक अधिकारी के साथ सांठगांठ करके यह फूड इंस्पेक्टर राशन दुकान चलाने वाले दुकानदारों को नोटिस भेजता था।

एक ही अधिकारी के द्वारा राशन दुकान संचालकों को इस फूड इंस्पेक्टर के कहने पर जांच के नाम पर नोटिस भेजकर भयादोहन किया जाता था। एसीबी द्वारा फूड इंस्पेक्टर श्याम वस्त्रकार को उसके निवास से गिरफ्तार किया गया है। इस सूचना के बाद फिर पुरानी शिकायतें सामने आने लगीं, जनप्रतिनिधि और व्यापारी कहते हैं, उसकी शिकायतों की लम्बी सूची है। राशन दुकानों में अधिकतर यह शिकायत आती है कि, स्टॉक पंजीयन में हमेशा स्टाक बराबर नही मिलता। फूड इंस्पेक्टर श्याम वस्त्रकार जब किसी भी राशन दुकान में जाता था और स्टॉक मिलान नहीं होता था, तब जिले में बैठे एक उच्चाधिकारी से नोटिस भिजवाया जाता था। श्याम वस्त्रकार मिडियेटर की भूमिका अदा करता था। व्यापारियों ने शिकायत की थी कि, गलत तरीके से दबाव बनाकर अधिकारी किसी दूसरे व्यक्ति को पैसा देने हेतु बाध्य करता था। ऐसे बहुत से मामले में शिकायत उच्च अधिकारियों से भी की गई थी।



### इसे बड़े अफसरों का संरक्षण, कड़ी सजा मिले

फूड इंस्पेक्टर वस्त्रकार के खिलाफ लगातार शिकायतें मिलती रही हैं। जब जब मैं क्षेत्र में गया उसके खिलाफ गंभीर शिकायतें मिलीं, इस तरह के भ्रष्टाचार बिना अफसर के संरक्षण के नहीं हो सकते, सभी लोग लिप्त हैं। सरकार यदि संरक्षण नहीं दे रही है, तो ऐसे भ्रष्ट लोगों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।

- जितेन्द्र पाण्डेय, पूर्व जिपं सदस्य बिलासपुर

## लगातार बढ़ते अतिक्रमण को लेकर जिला प्रशासन सख्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली



जिले में लगातार बढ़ रहे अतिक्रमण को लेकर जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए अभियान को तेज कर दिया है। व्यापारियों को पूर्व में समझाइश देने के बाद अब प्रशासन की ओरसे प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में शनिवार को कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जिला मुख्यालय स्थित पड़ाव चौक से पंडरिया रोड तक का निरीक्षण कर अतिक्रमण एवं अनधिकृत रूप से सड़क और सार्वजनिक स्थलों पर रखे गए सामानों को दुकान की अंदर रखने की समझाइश दी। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि, कई दुकानदारों ने अपने स्वामित्व की सीमा से बाहर सामान रखकर सड़क के हिस्से पर कब्जा किया है, जिससे आम नागरिकों और वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी हो रही है।

- सामानों को दुकान के अंदर रखने की हिदायत

**एक दुकान को किया गया सील-** कलेक्टर ने मौके पर ही संबंधित दुकानदारों को कड़ी चेतावनी देते हुए दुकान के अंदर ही व्यापारिक सामग्री रखने के निर्देश दिए। कार्रवाई के तहत एक दुकान को नियमों की अनदेखी और बार-बार समझाइश के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाने पर सील किया गया।

**व्यापारियों से की गई अपील-** कलेक्टर ने कहा कि, जिले को अतिक्रमणमुक्त बनाने के लिए प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, सड़क किनारे अनधिकृत रूप से रखे गए सामान से यातायात बाधित होता है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। व्यापारियों से अपील की गई है कि, वे स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाएं और प्रशासन का सहयोग करें, ताकि शहर का यातायात व्यवस्थित और सुगम बनाया जा सके। यदि कोई दुकानदार नियमों का पालन नहीं करेगा तो उसके विरुद्ध नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान मुंगेली एसडीएम अजय शतरंज, मुख्य नपा अधिकारी होरीलाल सिंह ठाकुर सहित राजस्व एवं नगर पालिका के अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने मौके पर ही अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया शुरू कराई और भविष्य में फिर अतिक्रमण न हो इसके लिए नियमित निगरानी रखने के निर्देश दिए।

## जनगणना कार्यों की समीक्षा को लेकर वर्चुअल बैठक



**मुंगेली।** कलेक्टोरेट परिसर स्थित एनआईसी कक्ष में डायरेक्टरोट ऑफ सेंसस ऑपरेशन्स के संचालक कार्तिकेय गोयल की ओर से जनगणना कार्यों की समीक्षा एवं आगामी तैयारियों को लेकर वर्चुअल बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुन्दन कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी निष्ठा पांडेय तिवारी सहित समस्त ईआरओ, एईआरओ तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। वीडियो कॉन्फ्रेंस के दौरान डायरेक्टरोट ऑफ सेंसस ऑपरेशन्स ज्वाइंट डायरेक्टर प्रदीप कुमार साव ने पूर्व में संपन्न जनगणना की विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने जनगणना की संपूर्ण कार्यप्रणाली, प्रपत्रों के संकलन, घर-घर सर्वेक्षण, आंकड़ों के सत्यापन एवं संधारण की प्रक्रिया पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही जनगणना कार्य के दौरान आने वाली संभावित चुनौतियों एवं उनके समाधान पर भी चर्चा की गई।

## खबर संक्षेप

### निःशुल्क परामर्श और निदान शिविर आज

**बिलासपुर।** भारतीय जैन संघटना और श्री सकल जैन समाज के तत्वावधान में शैल्बी हॉस्पिटल अहमदाबाद के चिकित्सक द्वारा घुटनों एवं जोड़ से संबंधित समस्याओं का निःशुल्क परामर्श एवं निदान शिविर का आयोजन 22 फरवरी को जैन भवन टिकरापारा में आयोजित किया जा रहा है। यह शिविर सुबह 8.30 बजे से दोपहर 1 बजे तक रहेगा। इस शिविर में आर्थोपेंडिक सर्जन डा. धीरेन मांकड़, डॉ. परेश गमारा, डॉ. मार्टिना जॉन अपनी निःशुल्क सेवाएं देंगे। शिविर में भाग लेने के लिए अग्रिम पंजीयन आवश्यक है। इसके लिए अमरेश जैन, अंशुल जैन, सुनीता जैन, अमित जैन, रितु जैन, प्रवीण कोचर से संपर्क कर सकते हैं।

### मानिकपुरी पनिका समाज की बैठक आज

**बिलासपुर।** मानिकपुरी पनिका समाज तखतपुर समिति के समस्त पदाधिकारी एवं परीक्षेत्रीय समाज के पदाधिकारी की बैठक सदगुरु कबीर आश्रम बेलपान में आयोजित की गई है। बैठक 22 फरवरी रविवार को दोपहर 12 बजे सतगुरु कबीर आश्रम बेलपान में होगी। यह जानकारी सोहन दास मानिकपुरी ने दी।

### पेड़ में युवक की फांसी पर लटकी लाश मिली

**बिलासपुर।** पेड़ में फांसी पर लटकी लाश मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। तारबाहर पुलिस के अनुसार, शनिवार की सुबह बंगलायार्ड के लोगों ने सेरसा मैदान के पास पेड़ में एक युवक की फांसी पर लटकी लाश देखा। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पेड़ से शव नीचे उतरवाकर आसपास के लोगों से पहचान कराने का प्रयास किया गया, किन्तु उनकी पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव मरच्यूरी में रखवा दिया है। पुलिस मृतक के पहचान कार्रवाई में लगी हुई है। मृतक की उम्र लगभग 20 साल बताई जा रही है।

### चाकू से हमला करने वाले नहीं पकड़े गए

**बिलासपुर।** युवक पर चाकू से जानलेवा हमला करने वाले फरार आरोपियों को पुलिस दूसरे दिन भी नहीं पकड़ पाई है। ज्ञात हो कि गुरूवार की शाम 7.30 बज कोनी निवासी आदित्य श्रीवास दोस्तों के साथ भेल खाने मिशन हास्पिटल रोड स्व. लखीराम ऑडिटोरियम के पास गया था। इसी दौरान जबड़ापारा निवासी युग मिश्रा, वेदांत गुप्ता, निखिल नवानी एवं अन्य ने मारपीट कर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया था। ज्ञात हो 17 फरवरी को राजेन्द्रनगर चौक में हमलावर युग मिश्रा एवं उसके साथियों ने चकरभाठा निवासी अविनाश शर्मा, मौसेरे भाई शिवांश तिवारी के साथ मारपीट कर सिर फोड़ दिया था। उक्त मामले में पुलिस ने मुलाहिजा कराने के बाद भी हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज नहीं किया गया था। इधर दूसरे दिन भी पुलिस फरार हमलावरों को नहीं पकड़ पाई है।

### नाबालिग से अनाचार अपराध दर्ज

**बिलासपुर।** नाबालिग से अनाचार करने वाले वाले के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। सिरगिट्टी टीआई किशोर केंवट ने बताया, क्षेत्र की रहने वाली एक 17 वर्षीय नाबालिग 8 से 9 साल के घूमंतू हो गई थी। वह इधर उधर घूमते फिरते रहती थी। उसका पेट बाहर निकलने पर परिजन ने उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर गए। जहां पता चला वह गर्भवती है। चाइल्ड लाइन से नाबालिग का बयान दर्ज कराने के बाद गर्भपात कराया गया है। पीड़िता एचआईवी से पीड़ित हो गई है। पुलिस ने रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

**इस बार 238 पदों के लिए परीक्षा** | **सबसे अधिक 51 पद नायब तहसीलदार के, डीसी के 14 पद**

# सीजीपीएससी आजः ज्वेलरी, घड़ी पर रोक, डार्क कपड़े भी नहीं पहन सकते

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (सीजीपीएसकी) की परीक्षा रविवार 22 फरवरी को आयोजित होगी। इस पर कुल 238 पदों पर भर्ती होगी। पिछले दस वर्षों के आंकड़ों पर नजर डालें तो राज्य सेवा परीक्षा में पदों की संख्या में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। वर्ष 2015 में सर्वाधिक 352 पदों पर भर्ती हुई थी। कोविड काल (2020-21) में पदों की संख्या घटकर 171–175 तक पहुंच गई थी। वर्ष 2024 में 246 पदों के लिए नोटिफिकेशन जारी हुआ था। पिछले कई वर्षों से पदों की संख्या लगभग 200 से 250 के बीच बनी हुई है।

इस बार मुख्य नगर पालिका अधिकारी (कक्षा 'ख') के 18 पद, छत्तीसगढ़ अधीनस्थ लेखा सेवा अधिकारी के 15 पद तो छत्तीसगढ़ राज्य प्रशासनिक सेवा (डिप्टी कलेक्टर) के 14 पद हैं। इसके साथ ही राज्य कर निरीक्षक के 16 पद, उप पंजीयक के 12 पद, आबकारी उप-निरीक्षक के 11 पद और राज्य कर सहायक आयुक्त के 10 पद हैं। इस बार सबसे अधिक 51 पद नायब तहसीलदार के लिए स्वीकृत किए गए हैं, जो राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग से संबंधित होंगे। इसके बाद 29 पद मुख्य नगर पालिका अधिकारी (कक्षा 'ग') और 28 पद राज्य पुलिस सेवा (उप पुलिस अधीक्षक) के लिए निर्धारित किए गए हैं।


ड्यूटी में लगे अफसरों की गाड़ियों में लगाया जा रहा जीपीएस सिस्टम।

### किसी भी प्रकार का आभूषण प्रतिबंधित

इस बार की परीक्षा में आयोग ने स्पष्ट किया है कि सुबह 8 बजे सभी कैंडिडेट परीक्षा सेंटर पहुंच जाएं। निर्धारित समय के बाद मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा। परीक्षा 10 बजे से शुरू होगी। परीक्षा शुरू होने के 15 मिनट पहले गेट पूरी तरह सील कर दिया जाएगा। आयोग ने स्पष्ट किया है कि गेट बंद होने के बाद किसी भी परिस्थिति में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। इसके अलावा काला, गहरा नीला, हरा, जामुनी, मैरून, बैंगनी और गहरे चॉकलेटी रंग के कपड़े प्रतिबंधित हैं। कान में किसी भी प्रकार का आभूषण प्रतिबंधित है (धार्मिक आवश्यक प्रतीक को छोड़कर)। अभ्यर्थियों को मूल फोटो पहचान पत्र साथ लाना अनिवार्य है। किसी भी प्रकार की घड़ी (मैकेनिकल या डिजिटल) को एग्जाम हॉल के भीतर नहीं ले जाने दिया जाएगा। इन सबके अलावा भी ड्रेस कोड, पहचान पत्र और प्रवेश समय को लेकर विशेष निर्देश जारी किए गए हैं।

### दो घंटे पहले पहुंचना होगा सेंटर

सीजीपीएससी की यह परीक्षा रविवार को दो पालियों में आयोजित की जाएगी। पहली पाली का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगा। पेपर-I जनरल स्टडीज के लिए होगा। वहीं दूसरी पाली का समयः दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक है। पेपर-II में एप्टीट्यूड टेस्ट लिया जाएगा। पहली पाली के लिए अभ्यर्थियों को सुबह 8 बजे तक केंद्र पहुंचना होगा। दूसरी पाली के लिए दोपहर 1 बजे तक उपस्थिति अनिवार्य है। पहली पाली में सुबह 9:45 बजे और दूसरी पाली में दोपहर 2:45 बजे मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा।

### मेटल डिटेक्टर और मैन्युअल फ्रिस्किंग होगी

यदि कोई उपकरण आन अवस्था में पाया गया तो अनुचित साधन का प्रकरण दर्ज होगा। इसके साथ ही सख्त तलाशी और वीडियोग्राफी भी होगी। सभी अभ्यर्थियों की मेटल डिटेक्टर और मैन्युअल फ्रिस्किंग होगी। अभ्यर्थी को प्रवेश पत्र दिखाते हुए वीडियो कैप्चर कराना अनिवार्य होगा। मोबाइल फोन, स्मार्टवॉच, कैलकुलेटर, लॉग टेबल, पेजर या किसी भी प्रकार के संचार उपकरण, किसी भी प्रकार की घड़ी (मैकेनिकल या डिजिटल) गॉगल्स, डिजिटल ग्लासेस या अन्य इलेक्ट्रॉनिक चश्मे प्रतिबंधित है।

**लुटेरों को शहर लेकर लौटी पुलिस, पूछताछ जारी**

# लुटेरों को रैकी करने में सहयोग देने वाला शहर का बदमाश हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सराफा व्यापारी से लूटकांड के मामले में सनसनी खेज नया खुलासा हुआ है। शहर के शातिर गुण्डा बदमाश ने खूंखार लुटेरों का सराफा व्यापारी से लूट की रैकी करने में सहयोग किया था। पुलिस उसे भी हिरासत में ले लिया है। पुलिस मिर्जापुर से लुटेरों को शहर लेकर लौट गई है। सभी से अधिकारियों के द्वारा सघन पूछताछ की जा रही है।

■ गांजा तस्कर के नाम पर वारदात में प्रयुक्त कार

17 फरवरी को राजकिशोर नगर में सराफा व्यापारी संतोष तिवारी पर जान लेवा हमला कर साढ़े तीन किलो सोना, 3.50 लाख रुपए नकद लूटकांड के मामले में गिरफ्तार खूंखार लुटेरे विजय लांबा दिल्ली, मोनू उर्फ राहुल उर्फ रोहित गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश, विनोद उर्फ बीनू प्रजापति कोटा राजस्थान, करीब खान बरेली उत्तर प्रदेश को प्रोडेक्शन रिमांड में लेकर पुलिस की टीम शनिवार को शहर लौट गई।


स्पॉट पर वारदात की जानकारी लेते पुलिस के जवान।

**लूटकांड में सीसीटीवी फुटेज खंगालते रह गई पुलिस**

20 फरवरी को सीपत क्षेत्र के खम्हरिया स्थित रमेश ज्वेलर्स के संचालक विनय सोनी जेवर से भरा थैला रखकर शटर बंद कर रहे थे। इसी दौरान नकाबपोश बाइक सवार तीन युवक आए। एक युवक 10 किलो चांदी, 100 ग्राम सोने के जेवर सहित थैला उठाकर भाग गया। दूसरे दिन भी पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालते रह गई। लुटेरों का सुराग नहीं लग पाया है।

पूछताछ में नया खुलासा हुआ कि खूंखार लुटेरों को सराफा व्यापारी की रैकी कर सहयोग करने में सिविल लाइन क्षेत्र का गुण्डा बदमाश 27 खोली निवासी नारद श्रीवास भी शामिल था। बताया जा रहा है कि नारद श्रीवास की लुटेरों से जेल में दोस्ती हुई थी। उसके बाद पुलिस नारद श्रीवास को हिरासत में लेकर व लुटेरों से लूटकांड के संबंध में गोपनीय तरीके से सघन पूछताछ कर रही है।

### आई 20 कार का मालिक ओडिशा जेल में

सराफा व्यापारी की कार परसाही नहर के पास छोड़कर लुटेरे सीपत झलमला निवासी ईरफान अली के साथ उसके स्कार्पियो में बैठकर अम्बिकापुर तक गए थे। वहां से वे एक आई 20 कार से दिल्ली भाग रहे थे। बताया जाता है उक्त आई 20 कार गांजा तस्कर रामफेकू के नाम पर है, जो ओडिशा जेल में बंद है। उक्त आई 20 को आरोपी विनोद उर्फ बीनू प्रजापति चला रहा था। अम्बिकापुर में उसका परिचित उक्त कार लेकर आया था।

### आर्थिक संकट से जूझ रहा था विजय लांबा

खूंखार लुटेरा विजय लांबा के खिलाफ लूट, चोरी, आर्म्स एक्ट, हत्या के प्रयास सहित 67 मामले दर्ज हैं। खबर है वर्तमान में उसकी आर्थिक स्थिति बहुत खराब चल रही थी। जिससे उसने दो माह पूर्व सराफा व्यापारी श्री तिवारी को लूटने की योजना बनाकर शहर आया था। किन्तु सफल नहीं होने पर उसने जबड़ापारा में कट्टा अड़ाकर होटल व्यवसायी से लूट की कोशिश की थी। कुछ दिनों बाद उसका साथी गगनदीप पकड़ा गया था। उसके बाद 16 फरवरी को चोरी की गाड़ियों से फिर साथियों के साथ सराफा व्यापारी श्री तिवारी को लूटने के लिए शहर आया और 17 फरवरी को श्री तिवारी को लूटने में सफल हो गया। किन्तु वह साथियों के साथ यूपी मिर्जापुर में पकड़ा गया।

# रिटायर्ड आर्मी अफसर के घर चोरों का धावा, लाखों के जेवर, नकद ले उड़े

**मंगला अभिषेक विहार फेस टू में वारदात, एक और मकान में चोरी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अभिषेक विहार में रहने वाले रिटायर्ड आर्मी अफसर और एक अन्य सूने मकान का ताला तोड़कर चोरों ने लाखों के जेवर, नकद की चोरी कर ली। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है।

सिविल लाइन क्षेत्र के मंगला अभिषेक विहार फेस टू निवासी रिटायर्ड आर्मी अफसर एसके शुक्ला ने बताया कि 5 फरवरी को उनके बेटे की शादी हुई थी। शादी में मिले जेवर व गिफ्ट घर में रखे थे। 19 फरवरी को वे परिवार के साथ घर के दरवाजे में ताला लगाकर अपने भांजे की शादी में शामिल होने बलौदाबाजार भाठापारा के एक रिसार्ट में चले गए थे। 21 फरवरी को वे घर आने की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान उनके घर बिजली बंद करने गए रिश्तेदारों ने उन्हें फोन कर घर में चोरी होने की सूचना दी। वे परिवार के साथ घर आए तो ताला टूटा हुआ मिला। अंदर जाकर देखे तो सामान अस्त व्यस्त पड़े हुए थे। श्री शुक्ला ने बताया, बेटे बहू के शादी में मिले 2 लाख रुपए नकद व 2.50 लाख के सोने के जेवर चोरी हो गए हैं।


वह मकान जहां चोरी हुई।


घटनास्थल की जांच करती पुलिस।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर में 50 हजार की चोरी

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, अंकित श्रीवास पिता सुभाष श्रीवास ने रिपोर्ट लिखाई। उनकी बहन रमन श्रीवास अपने परिवार के साथ अभिषेक विहार फेस टू रिटायर्ड आर्मी अफसर श्री शुक्ला के मकान के सामने जगमोहन पटेल मकान में किराए में रहती है। 20 फरवरी को वे काम से कोटा चली गईं। चोरों ने उनके मकान के दरवाजे का ताला तोड़कर चांदी के जेवर, 9 हजार 500 रुपए नकद सहित 50 हजार का सामान चोरी कर लिया है।

# एडमिट कार्ड नहीं मिला, 10वीं बोर्ड के 12 बच्चे परीक्षा से हो गए वंचित

**बिलासपुर।** 75 प्रतिशत से कम उपस्थिति का हवाला देते हुए गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के ग्राम पकरिया स्थित हाईस्कूल के 12 छात्र-छात्राओं को 10 वीं के पहले पेपर से शनिवार को वंचित कर दिया गया। इन बच्चों को एडमिट कार्ड तक जारी नहीं किया गया और रायपुर जाने की बात करते हुए स्कूल परिसर से निकाल दिया गया। इन बच्चों का कहना है कि उनकी उपस्थिति ठीक थी और कम थी तो प्राचार्य को पहले जानकारी देनी चाहिए थी। प्राचार्य ने परीक्षा फार्म तक भरवाया था और अंत तक एडमिट कार्ड रायपुर माध्यमिक शिक्षा मंडल ने आने का आश्वासन देते रहे। अब इस लापरवाही के कारण इन बच्चों का साल बरबाद हो गया है लेकिन कहीं सुनवाई नहीं हो रही है।

■ जीपीएम जिले के पकरिया हाईस्कूल का मामल

छत्तीसगढ़ में शनिवार से कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा शुरू हो गई है लेकिन गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के ग्राम पकरिया से एक चिंताजनक मामला सामने आया है, जहाँ 12 छात्र-छात्राएं कम उपस्थिति के कारण बोर्ड परीक्षा में शामिल होने से वंचित रह गए। इन छात्र-छात्राओं ने बताया कि वे सभी छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 10वीं की परीक्षा में शामिल होने वाले थे, लेकिन स्कूल में निर्धारित उपस्थिति पूरी नहीं होने की बात कहते हुए प्रवेश पत्र जारी नहीं किया गया। छात्रों का कहना है कि वे सत्र की शुरुआत में नियमित रूप से स्कूल जाते थे, लेकिन बीच-बीच में तबीयत खराब होने और अन्य पारिवारिक कारणों से स्कूल नहीं पहुंच सके। इसकी पूरी जानकारी भी प्राचार्य और शिक्षकों को दी गई थी लेकिन उपस्थिति दर्ज नहीं की गई।



### प्राचार्य ने मुख्यालय जानकारी भेजी ही नहीं

वहीं कुछ छात्र-छात्राओं ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि ऐसे भी कुछ विद्यार्थी हैं जिनका नाम स्कूल से कट चुका था, फिर भी उनका प्रवेश पत्र जारी हो गया। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि जब अन्य छात्रों को राहत मिल सकती है, तो इन्हें क्यों नहीं। इस बारे में जानाकारी लेने पर मालूम पड़ा कि माशिमं मुख्यालय रायपुर से सभी स्कूलों के प्राचार्य को एक प्रपत्र जारी किया गया था जिसमें उस स्कूल में पढ़ने वाले स्टूडेंट और उनकी पूरी जानकारी भेजी जानी थी। इन 12 छात्र-छात्राओं के बारे में प्राचार्य ने मंडल आफिस में कोई जानकारी ही नहीं दी। कम उपस्थिति के बारे में भी नहीं बताया गया।

# सर्चडाग ने लापता ग्रामीण को 10 किमी. दूर जंगल में खोज निकाला

**बिलासपुर।** तीन दिन पहले दोस्तों के साथ शराब पीने निकला ग्रामीण लापता हो गया, मौके पर टोपी व चप्पल मिलने पर परिजन ने अनहोनी होने की आशंका जताई। पुलिस ने उसे ढूंढने के लिए सर्चडाग विमला का सहयोग लिया, सर्चडाग ने टोपी, चप्पल सूंघकर 10 किलोमीटर जंगल के अंदर लापता ग्रामीण को जीवित खोज निकाला।

बेलगहना चौकी प्रभारी हेमंत सिंह ठाकुर ने बताया, डांडबछाली निवसी तरूण सिदार पिता कुंजराम सिदार 48 साल विगत 19 फरवरी की सुबह घर से खेत जाने के लिए ग्राम तुलूफ अपने खेत गया था। रात तक घर वापस नहीं आने पर 20 फरवरी को परिजन ने उसे ढूंढा तो पता चला कि तरूण अपने साथी भक्त नारायण, सूरज सिंह, बलराम सिदार, शत्रुहन सिदार के साथ घूमन रहा था, अंतिम बार तरूण के खेत में शराब पीते देखा गया है। परिजन के द्वारा अनहोनी की आशंका जताने पर साथी भक्त नारायण, सूरज सिंह, बराम सिदार, शत्रुहन सिदार को चौकी तलब कर पूछताछ की गई। चारों ने बताया, सभी शराब पी रहे थे। अत्याधिक नशा होने पर तरूण अपने खेत में सो गया था और वे चारों अपने घर आ गए थे। पुलिस मौके पर गई तो लापता तरूण की टोपी, चप्पल पड़ी थी। अनहोनी होने की आशंका पर पुलिस ने सर्चडाग को सहयोग के लिए बुलाया गया। डाग मास्टर मनोज साहू सर्चडाग विमला को लेकर मौके पर गए। सर्चडाग विमला टोपी, चप्पल सूंघने के बाद खेत से 10 किलो मीटर दूर जंगल के अंदर लापता तरूण सिदार को जीवित खोज निकाला। उसके बाद पुलिस व परिजन ने राहत की सांस ली। पुलिस ने उसे बरामद करने के बाद समझाइश देकर परिजन को सौंप दिया है।



# पहले दिन ही 10 वीं बोर्ड की हिंदी परीक्षा में 789 परीक्षार्थी रहे गायब

**बिलासपुर।** सीजी बोर्ड के तहत 10वीं बोर्ड की परीक्षा शुरू शनिवार से शुरू हुई। पहले दिन हिन्दी की परीक्षा सुबह 9 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक हुई। जिले के 131 केन्द्रों में यह परीक्षा हुई। इसमें कुल पंजीकृत 22 हजार 222 परीक्षार्थियों में से 21433 उपस्थित तो 789 अनुपस्थित रहे। आसान पेपर में बच्चों की अनुपस्थिति चर्चा का विषय रही और शिक्षा विभाग ने इसकी पड़ताल करने कहा है।

राज्य भर की बात करें तो परीक्षा के लिए 6,839 स्कूलों से 3,21,571 स्टूडेंट रजिस्टर्ड हैं और राज्यभर में 2,510 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा से पहले कुछ स्कूलों में परीक्षार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। परीक्षा देकर बाहर निकले बच्चों ने बताया कि सवाल सरल आए थे। पहला पेपर अच्छा जाने से आने वाले पेपरों के लिए आत्मविश्वास बढ़ा है और बोर्ड परीक्षा का डर थोड़ा कम हुआ है। ध्यान रहे कि बोर्ड की तरफ से जारी टाइम टेबल के अनुसार, 10वीं की परीक्षा 13 मार्च तक चलेगी। परीक्षा केंद्रों में सुरक्षा और गोपनीयता के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। विद्यार्थियों को परीक्षा केंद्र में समय से पहले पहुंचने और प्रवेश पत्र साथ लाने के निर्देश दिए गए हैं।










